दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | आंचलिक 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | राजधानी

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 2 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 193 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

चंद्रयान मिशन की तरह ही जीवन को भी देखें, कठिनाई का डटकर मुकाबला करें, सफलता कदम चूमेगी : राष्ट्रपति

बिलासपुर/नवप्रदेश। दो दिवसीय दौरे पर छग पहुंची राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मु शुक्रवार को बिलासपुर पहुंची। वे गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के दसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने तथा विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने पहुंची। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चंद्रयान मिशन के माध्यम से जीवन की सफलताओं के सूत्र बताए। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के चंद्रयान ने चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग की। इस पर बरसों से निष्ठापूर्वक काम होता रहा। मार्ग में रूकावटें आती रहीं लेकिन हम नहीं रूके। ऐसा व्यक्तिगत जीवन में भी होता है। निरंतर दक्षता के साथ परिश्रम करते रहें तात्कालिक सफलता से कभी हताश न हो, चुनौतियां हमारे जीवन में आती हैं तो नये मौके भी लाती हैं। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर 2946 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की। समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमारा तिरंगा चांद पर पहुंच चुका है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि का विषय है। इस उपलब्धि को किस तरह वैज्ञानिकों ने प्राप्त किया। इस संबंध में विश्वविद्यालय में आयोजन होने चाहिए ताकि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्वामी विवेकानंद को किया याद

राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसका नाम गुरु घासीदास के नाम पर है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। गुरु घासीदास ने समानता का संदेश दिया। समानता के आदर्शों पर चलकर ही युवा सुख के रास्ते पर चल सकते हैं और सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। उन्होंने कहा कि रायपुर का हवाई अड्डा स्वामी विवेकानंद के नाम पर है। वे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ खेलकूद को भी महत्व देते थे। स्वामी जी आत्मविश्वास की मूर्ति थे। स्वामी जी ने शिकागो में भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता का विश्वघोष किया था। उस समय भारत में गुलामी की मानसिकता अपने चरम पर थी। एशिया के लोग हीनता की भावना से ग्रस्त थे। ऐसे वातावरण में विवेकानंद ने भारत का नाम बढ़ाया। युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेनी चाहिए।

छात्रों को दी बधाई

राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे खुशी है कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 76 विद्यार्थियों में 45 छात्राएं हैं जो कुल संख्या का लगभग 60 प्रतिशत है। विश्वविद्यालय में 47 प्रतिशत छात्राएं पढ़ रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ा कदम है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है। इन्हें सशक्त करने से देश और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में आदिवासी समुदाय काफी है। राज्य की एक तिहाई आबादी जनजातीय है। जनजातीय समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और महिलाओं की भागीदारी जैसे विषय बहुत महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में अच्छा कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने उपाधि समारोह के मौके पर उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए उनके अभिभावकों तथा विश्वविद्यालय के टीचिंग स्टाफके योगदान को भी रेखांकित किया।

आज बेबाक

नई संसद में संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर सरकार ने विपक्षी दलों को भौंचक कर दिया है। 18 सितंबर से शुरू होने वाले इस विशेष सत्र में क्या होगा? इसे लेकर सभी माथापच्ची कर रहे हैं। सभी के दिमाग का दही हो रहा है। खबरियां चैनलों को नया काम मिल गया है। वे इस विशेष सत्र में होने वाले फैसलों पर भविष्यवाणी करने लगे है। जबकि सत्र में क्या होगा यह किसी को पता नहीं। सरकार को चाहिए कि वह इस विशेष सत्र के एजेंडे का खुलासा कर व्यर्थ की अटकलों पर विराम लगाए।

राहुल आज रायपुर में युवा सम्मेलन को करेंगे संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। आज 2 सितंबर को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रायपुर आयेंगे। दोपहर 1 बजे मेला ग्राउण्ड नवा रायपुर में विशाल राजीव युवा मितान सम्मेलन आयोजित है।

सम्मेलन को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी विशेष रूप से सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रभारीद्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरीशंकर उल्का, सह-प्रभारी विजय जांगिड़, मंत्रीगण एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण भाग लेंगे।

'इंडिया' गठबंधन ने बनाई 14 सदस्यों की कोआर्डिनेशन कमेटी

मुंबई (एजेंसी)। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने शुक्रवार (1 सितंबर) को मुंबई की मीटिंग में कई बड़े फैसले किए। इंडिया के नेताओं ने 14 सदस्यों की समन्वय समिति बनाने का ऐलान किया है। साथ ही गठबंधन का नारा 'जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया' होगा। समन्वय समिति में कांग्रेस से केसी वेणुगोपाल, एनसीपी से शरद पवार, डीएमके से टीआर बालू, शिवसेना (यूबीटी) से संजय राउत, आरजेडी से तेजस्वी यादव, टीएमसी से अभिषेक बनर्जी, आप से राघव चड्ढा, समाजवादी पार्टी से जावेद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीट बंटवारे पर जल्द फैसला

उन्होंने आगे कहा, सीट बंटवारे पर अलग अलग राज्यों में चर्चा तत्काल शुरू की जाएगी और जल्द से जल्द से इसे पूरा किया जाएगा। देश के अलग अलग हिस्से में जनसभा आयोजित की जाएगी। अलग अलग भाषाओं में जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया की थीम के साथ विपक्षी गठबंधन चुनाव में उतरेगा। मीडिया की साझा रणनीति बनाई जाएगी। गठबंधन इंडिया की ये तीसरी बैठक थी जो कि दो दिनों तक चली। इससे पहले गठबंधन की पहली मीटिंग जून के महीने में बिहार के पटना में हुई थी। फिर दूसरी बैठक जुलाई में बेंगलुरु में आयोजित की गई थी। जिसमे गठबंधन को इंडिया नाम दिया गया था।

एक देश एक चुनाव को लेकर केंद्र ने बनाई कमेटी

नई दिल्ली (एजेंसी)। 'एक देश-एक चुनाव' पर केंद्र सरकार ने कमेटी बना दी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संभव है कि एक देश एक चुनाव पर सरकार बिल भी ला सकती है। केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर गौर करेगी। साथ ही इसके लिए आम लोगों से भी राय लेगी। इस बीच, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा कोविंद से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। हालांकि, इस मुलाकात की वजह सामने नहीं आई है। सरकार की इस पहल पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आखिर एक देश एक चुनाव की सरकार को अचानक जरूरत क्यों पड़ गई। वहीं कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा- व्यक्तिगत तौर पर मैं एक देश एक चुनाव का स्वागत करता हूं। यह नया नहीं, पुराना ही आइडिया है। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री, प्रह्लाद जोशी ने कहा, 'अभी तो समिति बनी है, इतना घबराने की बात क्या है? समिति की रिपोर्ट आएगी, फिर पब्लिक डोमेन में चर्चा होगी। संसद में चर्चा होगी। बस समिति बनाई गई है, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह कल से ही हो जाएगा।'

संपादकीय

एक देश एक चुनाव बड़ी चुनौती

18 सिंतबर से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। यद्यपि अभी तक इस विशेष सत्र के एजेंडे का सरकार ने खुलासा नहीं किया है लेकिन ऐसी अटकलें लगाई जा रही है कि इस पांच दिवसीय विशेष सत्र में एक देश एक चुनाव पर चर्चा की जाएगी। विपक्षी पार्टियों ने एक देश एक चुनाव को पहले तो महज एक शिगुफा ही समझा था लेकिन जब सरकार ने एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर आम राय कायम करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन करने की घोषणा कर दी तो अब विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रियाएं देने शुरू कर दिया है। इस बीच संसदीय कार्यमंत्री ने बयान दिया है कि एक देश एक चुनाव को लेकर विपक्षी नेताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। इस पर संसद में चर्चा के बाद ही निर्णय होगा। वैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत पहले से एक देश एक चुनाव की बात करते रहे है और कई फोरम में इस भी हुई है। लॉकमिशन ने इस बारे में पहल की थी। जहां तक चुनाव आयोग का प्रश्न है तो उसने भी एक देश एक चुनाव को चुनाव पर सहमति जताई थी। देश में एक साथ लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव आजादी के बाद 1967 तक होता रहा है लेकिन इसके बाद कुछ राज्य सरकारों को समय पूर्व बर्खास्त करने तथा आगे चलकर कई अन्य राज्यों के गठन के बाद लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव नहीं हो पाए। इसलिए एक देश एक चुनाव संविधान सम्मत है। इसके लिए सरकार को सिर्फ जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 में संशोधन करना होगा। किन्तु इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक पार्टियों में आम सहमति बनाना सरकार के लिए एक चुनौती होगी। सिद्धांत रूप से तो कई विपक्षी पार्टियों ने पहले ही एक देश एक चुनाव पर अपनी सहमति जताई थी लेकिन अब उन्हीं में से कुछ पार्टियां इसका विरोध कर रही है। जिनमें से ज्यादातर क्षेत्रिय पार्टियां है। दरअसल उन्हें यह डर सता रहा है कि लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव के होने से वे दोनों चुनाव पर अपनी पुरी ताकत नहीं लगा पाएंगे और एक साथ चुनाव होने के कारण क्षेत्रिय मुद्दे हाशिए पर चले जाएंगे और पूरा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर केन्द्रीत होकर रह जाएगा। जिसका लाभ राष्ट्रीय पार्टियों को मिल सकता है। हालांकि ऐसा नहीं है। बहरहाल एक देश एक चुनाव से आम जनता पर खर्च का बोझ कम होगा। बार-बार चुनाव होने से और इसके चलते आचार संहिता प्रभावशिल होने के कारण विकास कार्य बाधित होते है। यदि एक साथ चुनाव होते है तो सरकार का हजारों करोड़ रुपए बचेगा। अलग-अलग वोटर लिस्ट नहीं बनानी पड़ेगी। और सरकारी योजनाएं बेहतर ढंग से क्रियान्वीत होगी। यहीं नहीं बल्कि मतदान का प्रतिशत भ्ज्ञी बढ़ेगा जो लोकतंत्र के हित में है। किन्तु एक देश एक चुनाव की राह उतनी भी आसान नहीं है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि क्या चुनाव आयोग एक साथ चुनाव कराने कीस्थिति में है भी या नहीं। फिलहाल चुनाव आयोग के पास लगभग 25 लाख ईवीएम है। जबकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए लगभग 50 लाख ईवीएम की आवश्यकता पड़ेगी। इतनी बड़ी संख्या में ईवीएम के इंतजाम में लगभग दो साल का वक्त लग सकता है। इसके अलावा कई ऐसे राज्य भी है जहां हालहिं में विधानसभा चुनाव हुए है। वहां लोकसभा के साथ ही फिर से विधानसभा चुनाव कराना ही बड़ी चुनौती होगी। अब जबकि इसके लिए सरकार ने पहल शुरू कर दी है। तो देखना होगा कि संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में इस पर क्या विचार होता है और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद वाली अध्यक्षता वाली समिति क्या फैसला देती है जिस पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों के नेताओं से राय सुमारी करें और इसकी राह में आने वाली दिक्कतों का पता लगाए। ताकि समय रहते उन बाधाओं को दूर किया जा सके। यद्यपि यह कमेटी कब तक अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इसकी अभी तक समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। ऐसे में नहीं लगता कि सरकार आनन-फानन में एक देश एक चुनाव पर कोई फैसला लेगी। इसके लिए आम सहमति जरूरी है और यह भी एक समय खाने वाला काम है।

विचार

मॉनसून ब्रेक से किसान संकट में

प्रदेश में कहीं-कहीं तो इंद्रदेव की कृपा बराबर हुई है, पर कहीं-कहीं इंद्रदेव रास्ता भूल गए, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है। किसानों की अर्थ व्यवस्था बारिश पर निर्भर है। ज्यादा बारिश होने पर भी पनिया दुकाल का सामना करना पड़ता है। इस सत्र में खंड वर्षा ने किसानों को फिर से एक बार संकट में डाल दिया है। एनीकट से जुड़े नहरों से पानी छोड़ने की मांग बलवती हो रही है। मानसून लगभग समाप्ति की ओर है। काशी के फूल खिलने के संकेत से किसानों में चिंता बढ़ गई है। मतबल साफ है कि औसत से आधी बारिश होने की वजह से न तो अभी तक भूजल के स्तर में सुधार हुआ है न ही पारंपरिक जल स्त्रोतों में ही पानी भरा है। सूख रही धान को बचाने की कोशिश में किसान लगे हुए हैं। पिछले 10 दिनों से निर्मित मानसून ब्रेक से खरीफ फसलों के लिए संकट पैदा हो गया है। पिछले आठ दिनों से वर्षा नहीं होने के कारण खेतों की नमी सूख गई है तथा धान की फसल मुरझाने लगी है। दो-तीन दिन के भीतर वर्षा नहीं हुई तो धान की फसल को बचाना मुश्किल होगा। मौसम की बेरुखी के कारण इस बार प्रारंभ से ही अम्बिकापुर शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में बारिश की कमी बनी रही। वर्षा के अभाव में समय पर कहीं भी धान की रोपाई नहीं हो सकी। जुलाई के अंत एवं अगस्त के प्रारंभ में मूसलाधार बारिश होने पर किसानों ने धान की रोपाई की। धान की रोपाई के बाद मौसम की मेहरबानी से किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटी थी लेकिन मौसम के साथ छोड़ने से फिर से पूर्व की स्थिति निर्मित हो गई। पिछले लगभग दस दिनों से मानसून द्रोणिका हिमालय की तराई की ओर चली गई है, जिससे बारिश बंद हो गई है। प्रारंभ में वातावरण में मौजूद नमी के प्रभाव से छिटपुट वर्षा हुई, लेकिन 22 अगस्त से वर्षा बंद है। बारिश बंद होने के बाद तापमान बढ़ गया है तथा पूरे दिन तीखी धूप निकल रही है, जिससे खेतों की नमी तेजी से सूख रही है। निचले इलाके के फसल की स्थिति अभी ठीक है लेकिन ऊपरी इलाके की फसल बारिश की कमी से अब मुरझाने लगी है। असिंचित क्षेत्र के खेतों में दरारें पड़नी शुरू हो गई हैं और फसल पीली पड़ गई है. फसल की स्थिति देख किसानों की चिंता बढ़ गई है. किसान सूख रही धान की फसल को बचाने की जद्दोजहद कर रहे हैं. दो-चार दिन के भीतर अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान की फसल को बचाना मुश्किल होगा. बारिश के अभाव में अन्य जलश्रोत भी सूखे पड़े हैं। सरगुजा जिले के विकासखण्ड सीतापुर, बतौली, मैनपाट में अपेक्षाकृत अधिक वर्षा होने के कारण अभी धान की स्थिति ठीक है। अन्य क्षेत्रों में निचले इलाके की फसल तीन-चार दिनों में सूखने की कगार पर पहुंच जाएगी, जबकि ऊपरी इलाके की फसल पर मौसम का प्रभाव शुरू हो गया है। सरगुजा में अगस्त तक औसत 1250 मिमी वर्षा होती है लेकिन इस बार अब तक मात्र 681.0 मिमी वर्षा हुई है। सितंबर महीने में मानसून वापसी का क्रम प्रारंभ हो जाता है। वैसे भी सितम्बर में कम वर्षा होती है. सरगुजा में अभी तक औसत से लगभग आधी वर्षा हुई है। इस दौरान भारी वर्षा होने के कारण अधिकांश पानी निचले इलाकों की ओर बह गया तथा ऊपरी इलाके के खेतों की प्यास नहीं बुझा सकी। बचे समय में बारिश की पूर्ति होगी या नहीं इसको लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है. कई बार मानसून की वापसी के दौरान भी अच्छी वर्षा होती है। ऐसे में सितम्बर में पर्याप्त बारिश हुई तो धान की फसल समल जाएगी अन्यथा कृषकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विज्ञानी सितम्बर के प्रारंभ में बंगाल की खाड़ी में हलचल होने एवं दो-तीन दिन के भीतर वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। औसत से आधी वर्षा होने के कारण न तो अब तक भूजल के स्तर में सुधार हुआ है न ही पारंपरिक जल स्त्रोतों में ही पानी भरा है। मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को छोड़ दें तो गांव-गांव में बने अधिकांश जलाशय सूखे पड़े हैं. ग्रामीण जन जीवन के नियंत्रण का मुख्य स्त्रोत कुएं व तालाब सूखे पड़े हैं. ऐसे में किसान सूखे खेतों की सिंचाई के लिए तरस रहे हैं। जल स्त्रोतों की स्थिति देख ग्रामीणों को भविष्य में होने वाले जल संकट की भी चिंता सता रही है।

एशिया कप-विश्व कप से पहले परखने का मौका

नितेश छाबड़ा

अब बात करते है वर्तमान की। देखा जाए तो फिलहाल बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम पहले की तुलना में काफी संतुलित है। पाकिस्तान फिलहाल एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज़ है। पाकिस्तान के पास फखर जमान, ईमाम उल हक, बाबर आजम, रिजवान मोहम्मद, आगा सलमान और इफ्तिखार खान की तगड़ी बैटिंग लाइनअप है। शादाब खान और मोहम्मद नवाज अच्छे स्पिनर हैं और जरूरत पड़ने पर तेज बल्लेबाजी कर सकते हैं। तेज गेंदबाजी हमेशा पाकिस्तान की ताकत रही है। इस बार भी शाहीन आफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रऊफकी खतरनाक तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर सकती है। ज़ाहिर है कि पाकिस्तान से पार पाने के लिए भारत की बैटिंग लाइन को भगीरथ प्रयास करना होगा। इस बार सबकी नजरें शुभमन गिल,विराट और रोहित पर टिकी होंगी। हार्दिक और जडेजा से आल राउंड प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कोई अनहोनी न हुई तो इस बार फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। फिलहाल तो कागजों पर भारत की बैटिंग काफी ताकतवर नज़र आ रही है। मैदान पर अगर यह लाइन क्लिक कर जाती है तो पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी को ध्वस्त करने में ज्यादा दिक्कत नहीं होगी। भारतीय टीम यदि खिताब लेकर लौटती है तो आने वाले विश्व कप के लिए मनोवैज्ञानिक लाभ भारत के पक्ष में जाएगा।

बुधवार को एशिया कप के सोलहवें संस्करण का आगाज़ हो चुका है। यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जा रहा है। हालांकि इसका मुख्य मेज़बान पाकिस्तान ही होगा, मगर भारत ने चूँकि पाकिस्तान में खेलने से इंकार कर दिया है, इसलिए भारतीय टीम अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगी। इसका फाइनल मैच भी श्रीलंका में ही खेला जाएगा। अभी तक एशिया कप की 15 स्पर्धाएं खेली जा चुकी हैं। सर्वाधिक सफल टीम भारत ने 7 बार इसके खिताब पर कब्जा किया है। श्रीलंका ने 6 बार खिताब जीता है।

पाकिस्तान की टीम सिर्फ दो बार इसे जीत पाई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह भी है कि अभी तक इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत और पाकिस्तान का एक बार भी सामना नही हुआ है। क्या इस बार ऐसा होगा? इसका उत्तर हमें इस महीने के दूसरे पखवाड़े में मिलेगा, पर यह फाइनल देखना रोमांचक के साथ काफी दिलचस्प भी होगा। इसलिए भी कि कागज़ पर यही दोनों टीमें बाकी टीमो की अपेक्षा मजबूत नजर आ रही हैं। नेपाल की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेगी। भारतीय उपमहाद्वीप की बाकी पांचों टीमों--भारत पाकिस्तान श्रीलंका बांग्लादेश और अफ़ग़ानिस्तान-- के लिए विश्वकप से पहले अपनी तैयारियों को परखने और कमियों को जानने का आखिरी और सुनहरा मौका होगा।

विश्व कप के लिए सही टीम संतुलन को देखते हुए टीम इंडिया के लिए यह टूर्नामेंट बहुत ही महत्वपूर्ण है। खासकर ऐसे वक्त में जब पिछले कुछ महीनों से एकदिवसीय फार्मेट में टीम बिल्कुल रंग में नजर नही आ रही है। खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रैक्टिस का मौका भी नहीं मिला है। देखा जा रहा है कि भारतीय टीम सही संयोजन के साथ नहीं खेल पाई है। एशिया कप के लिए चयनकर्ताओं ने 17 खिलाड़ियों के साथ एक रिज़र्व खिलाड़ी संजू सैमसन को चुना है। के एल राहुल, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई है। हालांकि बुमराह इससे पहले आयरलैंड में हुई टी20 सीरीज में कप्तान की भूमिका में वापसी कर चुके हैं, पर वहां उन्हें पर्याप्त गेंदबाजी का मौका नही मिला है। के एल राहुल की बात की जाए, तो वे एशिया कप के पहले दो मैचों में उपलब्ध नही रहेंगे। उनके बारे में यही बताया गया है कि वे हल्के चोटिल हैं और 5 सितंबर तक ही फिट हो पाएंगे। इसी दिन बोर्ड को विश्व कप के लिए 15 खिलाड़ियो के नाम देने हैं, जिसे 27 सितंबर तक बदला जा सकता है।

अब बात टीम कॉम्बिनेशन की....

के एल राहुल के उपलब्ध न होने पर ईशान किशन विकेटकीपर के रोल में होंगे। यह टीम के लिए माथापच्ची का विषय होगा कि किशन को पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी में उतारा जाए या सलामी बल्लेबाज के तौर पर। अभी तक तो किशन सलामी बल्लेबाज के तौर पर ही सफल नजर आए हैं। टीम मैनेजमेंट अगर ऐसा करता है, तो रोहित के साथ किशन ओपनर होंगे। इसके बाद गिल को तीसरे नंबर पर और कोहली को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है। कोहली की जगह के साथ छेड़छाड़ करना टीम को उल्टा भी पड़ सकता है। टीम के हित में यही होगा कि कोहली को नंबर तीन पर ही उतारा जाए। देखना होगा कि राहुल द्रविड़ और टीम मैनेजमेंट इस पर क्या निर्णय लेते हैं। इसके बाद अय्यर, हार्दिक और जडेजा उतरेंगे। आठवें नंबर पर गेंदबाजी आल राउंडर के रूप में शार्दूल और अक्षर या पिच को देखते हुए सिराज को भी लिया जा सकता है। वैसे शार्दूल को इस पोजीशन के लिए फेवरेट माना जा रहा है। बॉलिंग लाइनअप में कुलदीप, शमी और बुमराह मुख्य गेंदबाज होंगे। भारतीय टीम इसी संयोजन के साथ उतरना चाहेगी, जिसमें आठवें नंबर तक टीम को बल्लेबाजी का कवर मिल सके। टीम मैनेजमेंट को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जो सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग 11 विश्व कप के लिए हो सकती है,उन्हें पर्याप्त मैच प्रैक्टिस का मौका मिले।

चार वर्षों बाद भारत-पाकिस्तान का वन डे मैच

2019 विश्व के बाद यह पहला मौका होगा, जब भारत और पाकिस्तान के बीच कोई एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। इस बीच दोनों टीमें 4 दफा टी20 मैचों में टकरा चुकी हैं, जिसमें स्कोर लाइन 2-2 रही है। एकदिवसीय मैचों की बात की जाए, तो टीम इंडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले तीनों वनडे मैच अपने नाम किए हैं। एशिया कप में दोनों टीमों के आपसी रिकॉर्ड की बात की जाए तो यहां भी पलड़ा टीम इंडिया का ही भारी रहा है। 17 मैचों में टीम इंडिया को 9 मैचों में जीत मिली है। पाकिस्तान ने 6 मैच जीते हैं जबकि 2 मैच अनिर्णीत रहे हैं। यह हुई इतिहास की बात।

अब बात करते है वर्तमान की। देखा जाए तो फिलहाल बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम पहले की तुलना में काफी संतुलित है। पाकिस्तान फिलहाल एकदिवसीय रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज़ है। पाकिस्तान के पास फखर जमान, ईमाम उल हक, बाबर आजम, रिजवान मोहम्मद, आगा सलमान और इफ्तिखार खान की तगड़ी बैटिंग लाइनअप है। शादाब खान और मोहम्मद नवाज अच्छे स्पिनर हैं और जरूरत पड़ने पर तेज बल्लेबाजी कर सकते हैं। तेज गेंदबाजी हमेशा पाकिस्तान की ताकत रही है। इस बार भी शाहीन आफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रऊफकी खतरनाक तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर सकती है।

ज़ाहिर है कि पाकिस्तान से पार पाने के लिए भारत की बैटिंग लाइन को भगीरथ प्रयास करना होगा। इस बार सबकी नजरें शुभमन गिल,विराट और रोहित पर टिकी होंगी। हार्दिक और जडेजा से आल राउंड प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कोई अनहोनी न हुई तो इस बार फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। फिलहाल तो कागजों पर भारत की बैटिंग काफी ताकतवर नज़र आ रही है। मैदान पर अगर यह लाइन क्लिक कर जाती है तो पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी को ध्वस्त करने में ज़्यादा दिक्कत नहीं होगी। भारतीय टीम यदि खिताब लेकर लौटती है तो आने वाले विश्व कप के लिए मनोवैज्ञानिक लाभ भारत के पक्ष में जाएगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तिरिछी नजर कर, छवि देख श्याम

तिरिछी नजर कर, छवि देख श्याम वर, भानु की दुलारी लागैं, मनहूँ लजावही। आगे-पीछे हेर-हेर, लुक-छुप रहे टेर, हियरा प्रतीतिया को, दोनहूँ निभावही। लगैं इक श्याम-राधा, कोऊ कम नाहि ज्यादा, दोनहूँ सुबोल नीके, सबहिं सुहावही। देखि ऐसी छवि प्यारी, गोकुल कै नर-नारी, करि कै इशारा ईक दूजे को बुलावही। **अंशु विनोद गुप्ता**

चेहरे से उड़ती हवाइयां तब गैस निकल

चेहरे से उड़ती हवाइयां तब गैस निकल जाती है दाम होता गैस का कम जब जनता नाराज हो जाती है बस यूं जी नाराज होते रहना फिर पेट्रोल के दाम भी गिरेंगे जिनको लग गई कुर्सी की लत वो कुर्सी बिन कैसे जियेंगे सरकार देती थोड़ा बहुत उससे ज्यादा ले जाती है सब कुछ अपना लुटाने के बाद बात जनता को समझ ये आती हैं। **संत आर थवाईत**

खास पाती | जब सारे दरवाजे बंद हो जाते

जब सारे दरवाजे बंद हो जाते है तब खुल जाती है कुछ खिड़कियां खिड़की धैर्य की खिड़की आस की खिड़की विश्वास की खिड़की मौन की खिड़की उम्मीद की खिड़की आत्ममंथन की खिड़की चिन्तन की खिड़की कंद्रन की खिड़की वंदन की दरवाजे बंद हो जाने से हर बार नहीं हुआ करता है अंधेरा, कुछ खिड़कियां होती है जो मन की लौ को कभी बुझने नही देती है !! **रूबी प्रसाद**

पिछले कुछ वर्षों से प्रायः यह

पिछले कुछ वर्षों से प्रायः यह देखने में आ रहा है, कि हिन्दुओं का हर त्यौहार की 2-2 तिथियाँ बताई जा रही है जिससे लोग परेशान हो जाते है, और हम लोगों की इस पा आस्था कम होती जा रही है। हम लोगों का निवेदन है, कि वर्ष में कम से कम एक बार हमारे सभी शंकाचार्य, महा मंडलेश्वर और धर्म प्रमुख बुद्धजन बैठकर आपसी सहमति से ग्रह-नक्षत्रों को दृष्टिगत रखते हुए एक ही तिथि निर्धारित करें तो बहुत ही उत्तम होगा। **ज्योति शर्मा**

सदियों से आशिक़ी में हिज्र के

सदियों से आशिक़ी में हिज्र के मारे आंसू, बेवजह हंसते हुए बहते हैं सारे आंसू। प्यार में हश्र मेरा देख ,दुःखी हो कर वे,प्यार ना करना लगाने लगे नारे आंसू। मैं किनारों की दुआएं नहीं लेता यारों, ज़िन्दगी लहरों में दिन रात गुज़ारे आंसू। पसरा है ज़िन्दगी मे बेश अंधेरा लेकिन, रौशनी के लिए सब बन गए, तारे आंसू। हर समय रोते हैं जो दानी उन्हें समझाने, हर दुखी वक़्त को भी ,हंस के गुज़ारे आंसू। लैला मजनूँ की कथा गो दुखी करती सबको,आग इक और लगा देंगे हमारे आंसू। आंसुओं को न मिला उनका सहारा तो फिर, निकले आंखों से अगर दिल के सहारे आंसू। **डॉ संजय दानी**

नहीं रहे भावों के अब वो

नहीं रहे भावों के अब वो सैलाब रिश्तों में नहीं भरते हैं अब वो खुशियों के तालाब किश्तों में किसी को किसी की पड़ी ही नही है बू अहम की भर गई नायाब रिश्तों में। **मधुलिका शुक्ला**

खुश नसीबों को यहाँ मिलता

खुश नसीबों को यहाँ मिलता बहन का प्यार है दूर हर संकट रहे रक्षा कवच आधार है पर्व राखी का मनाने आ गई बहने सभी है बहुत पावन ये' रक्षा सूत्र का त्यौहार है । **संजय कुमार गिरि**

कोरें भीगी अश्क ठहरे हुए हैं

कोरें भीगी अश्क ठहरे हुए हैं, जख्म अभी भरे नहीं घाव गहरे हुए हैं। दिल में रखते हैं दर्द जमाने के, बयां किसी से करते नहीं हैं। सर उठा कर चल रहे हैं तो शिकायत है लोगों को। जुल्म इतने सहकर भी हम, मुंह से उफ़ करते नहीं हैं। नसीहतें देता है रोज जमाना हमें, अनसुनी करते हैं कुछ कहते नहीं हैं। जिसको मानते हैं दिल से अपना, औपचारिकताएं जरा भी करते नहीं है। जो हैं जैसे हैं सामने है हम दिल में कुछ मुंह पर कुछ ये करते नहीं हैं। कोई बेशक तोड़दे रिश्ता मंजूर है, मतलबी लोगों से रिश्ता रखते नहीं हैं। **रश्मि ठाकुर**

शराफ़त में नज़ाकत से अदावत

शराफ़त में नज़ाकत से अदावत कौन रखता है मुहब्बत में बगावत से अदावत कौन रखता है मेरा इक यार ऐसा है गिले रखता है किस्मत से वफ़ा में यार किस्मत से अदावत कौन रखता है बड़े मसरूफ़ रहने का ये अच्छा ढोंग है उनका ज़रूरत में ज़रूरत से अदावत कौन रखता है दिखावे के ज़माने में सभी मशगूल हैं इतने हक़ीक़त में हक़ीक़त से अदावत कौन रखता है कभी खोने से डरते हो कभी दामन छुड़ाते खुद इबादत में इबादत से अदावत कौन रखता है। **दिनेश भोपाली**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। आज ही के दिन ब्रिटेन के राजा जेम्स प्रथम ने 1621 में सर एलेक्जेंडर स्टरलिंग को नोवा स्कॉशिया उपनिपेशीकरण का अधिकार पत्र दिया था। नीदरलैंड के जॉन और निकोल्स वान डर हेडेन ने 1677 में आज ही के दिन अग्निशामक यंत्र के लिए पेटेंट हासिल किया था। अमेरिका का पहली बार दैनिक अखबार (पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) 1784 में छपापालघाट ने 1790 में जनरल मेडोव के नेतृत्व में ब्रिटिश टुकड़ी के समक्ष 60 बंदूकों के साथ आत्मसमर्पण किया। किंग विलियम प्रथम ने 1815 को ब्रुसेल्स में शपथ लीबहादुर शाह द्वितीय ने 1857 में अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। नीदरलैंड के लोगों ने 1885 को चुनावों में मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया। 'अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस' कंपनी 1905 को गठित हुई'माय विकली रीडर' मैगज़ीन की शुरुआत 1928 में हुई। चक्रवाती तूफान (183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से 1938 को न्यू इंगलैंड में 700 लोगों की मौतनाज़ियों ने 1942 को यूक्रेन, डुनेवट्सी में 2588 यहूदियों की हत्या कीबोइंग बी-29 सुपरफोर्ट्रेस ने 1942 को अपनी पहली उड़ान भरी।

QUIZ TIME

1) सुपर कंप्यूटर मैजिक क्यूब किस देश ने बनाया है?

2) दिल्ली सल्तनत के किस सुल्तान ने आत्मकथा लिखी थी?

3) विश्व की कौन-सी नदी भूमध्य रेखा को दो बार पार करती है?

4) सरकार द्वारा नवरत्न एवं मिनीरत्न योजना किस वर्ष प्रारम्भ की गई थी?

5) 105 साल में पहली बार महिला चेयरमैन किसे नियुक्त किया जाएगा?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) चीन (2) फिरोजशाह तुगलक (3) कांगो नदी (4) 1997 (5) जया वर्मा सिन्हा

राशिफल

मेष- आज की परिस्थितियां पहले से अधिक ख़राब रहने वाली है। नौकरी-व्यवसाय में छोटी गलती के कारण बड़ा नुकसान हो सकता है।

वृष-आज के दिन आप अति ईर्ष्यालु प्रवृति से ग्रसित रहेंगे। इस कारण घर एवं बाहर का वातावरण असामान्य बनेगा।

मिथुन-आज का दिन सरकारी कार्यो के लिए विशेष लाभदायक रहेगा किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता अथवा रुके कार्य आज अवश्य ही आगे बढ़ेंगे।

कर्क-आज आपको कार्य क्षेत्र पर कई व्यवधानों का सामना करना पड़ सकता है परन्तु आत्मविश्वास बनाये रखें सोची योजनाएं अवश्य पूरी होंगी।

सिंह-आज का दिन थोड़ा उठा पटक वाला रहेगा। सेहत प्रातः काल से नरम रहेगी मन अकारण ही अशांत रहेगा।

कन्या-आज के दिन आप जोड़-तोड़ की नीति अपनायेंगे। कार्य क्षेत्र पर भी किसी से समझौता करना पड़ सकता है।

तुला-आज के दिन भी लाभ-हानि बराबर रहेगी। किसी के ऊपर आवश्यकता से अधिक निर्भर रहना हानि करा सकता है।

वृश्चिक-आज दिन का पहला भाग अशान्त रहेगा। घरेलु समस्याओं के कारण मन विचलित बनेगा जिससे कार्यो में चाह कर भी उत्साह नहीं दिखा पाएंगे।

धनु-आज के दिन सम्मान हानि की संभावना अधिक है प्रत्येक कार्य विशेषकर सामाजिक क्षेत्र पर अत्यन्त सावधानी बरतें।

मकर-आज के दिन लाभ की संभावना बनते बनते अनिर्णय की स्थिति के कारण बिगड़ सकती है कार्यो को अधिक ध्यान से करना आवश्यक है।

कुंभ-आज आप अपने किये सभी कार्यो में संतोष रखेंगे। पारिवारिक वातावरण भी आपके निर्णयों के समर्थन में रहेगा।

मीन-आज के दिन आप अपना ध्यान आवश्यक कार्यो पर एकाग्र करने का प्रयास करें अन्यथा जहाँ लाभ होना है वहां हानि मिलेगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -173

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 172 का हल

राजीव युवा मितान क्लब छत्तीसगढ़

राजीव युवा मितान सम्मेलन

2 सितंबर 2023

मेला स्थल, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

मुख्य अतिथि

श्री राहुल गांधी

माननीय सांसद



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

किया वादे से ज्यादा, भरोसा बरकरार
युवाओं के साथ छत्तीसगढ़ सरकार

सरकारी नौकरी के सपने हो रहे पूरे
42,000 विभिन्न शासकीय पदों पर भर्ती जारी

आकांक्षाओं पर निवेश
शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 2,500 रु भत्ता

मजबूत भविष्य को आकार
कौशल विकास प्रशिक्षण से
4.68 लाख युवाओं का भविष्य मजबूत

युवाओं को आर्थिक राहत
सीजीव्यापम और सीजीपीएससी
की परीक्षाओं की फीस माफ

रोजगार मेला - सफलता की राह
18,666 युवाओं के हाथों में रोजगार-स्वरोजगार

उज्ज्वल भविष्य का निर्माण
10 नए स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय

स्कूली शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा
हायर-सेकेंडरी में भी आईटीआई शिक्षा और प्रमाण पत्र

तकनीकी प्रशिक्षण से रोजगार की राह आसान
194 आईटीआई संचालित, 36 शासकीय आईटीआई
का टाटा टेक्नोलॉजीस के साथ एमओयू

मजबूत युवा हाथों में निर्माण की जिम्मेदारी
ब्लॉक स्तर पर पंजीकृत युवा इंजीनियरों को दिए जा रहे
20 लाख रु तक के निर्माण कार्य

निखर रहीं खेल प्रतिभाएं
4 आवासीय, 3 गैर आवासीय खेल अकादमियां,
24 खेलो इंडिया सेंटर स्थापित
8 नई खेल अकादमियां प्रस्तावित

जमीनी स्तर की युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा
13,242 राजीव युवा मितान क्लबों के माध्यम से
3.33 लाख युवाओं का सशक्तीकरण

मजबूत नींव
33 जिलों में अजा. अजजा. वर्ग के युवाओं
के लिए नि:शुल्क कोचिंग

संवाद-38296

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

विधायक छन्नी ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र पहुंचकर विधायक छन्नी चंदू साहू ने विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि-विभिन्न गांवों को उनकी आवश्यकतानुसार निर्माण कार्यों की सौगात मिली है। वनांचल क्षेत्र में विकास की गति बढ़ाने हर संभव प्रयास किए गए हैं। इस विधानसभा में ऐसा कोई हिस्सा नहीं है जो अछूता रहा हो। प्रतिनिधित्व करते हुए हमने प्रत्येक गांव के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया है।

बीते दिनों विधायक छन्नी साहू वनांचल के गांवों के दौरे पर रहीं। उन्होंने आधा दर्जन गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत प्रतिनिधि व वरिष्ठों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। विधायक ने सभी का अभिवादन करते हुए उन्हें विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। इस क्रम में ग्राम विचारपुर में 2 लाख की लागत से सीसी रोड, पंडरापानी में 2 लाख की लागत से अहाता निर्माण और 2.50 लाख की लागत से कलामंच निर्माण का भूमिपूजन किया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद श्रीमती साहू ने ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि-आपकी मांगों को सुना गया है। कांग्रेस सरकार ने विकास के दम पर ही भरोसा हासिल किया है। जमीनी जुड़ाव के साथ हमने हर वर्ग को समृद्धि से जोड़ने का प्रयास किया है और उसमें सफल भी रहे हैं। विधायक श्रीमती साहू ने ग्राम जोब में गढ़माता में 4 लाख की लागत से सीढ़ी निर्माण, 3 लाख की लगात से ठाकुर देव अहाता, 2.50 की लागत से निर्मित कला मंच एवं आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। ग्राम मरकाकसा में 2 लाख के नाली निर्माण का भूमिपूजन भी विधायक के करकमलों से हुआ। इन विकास कार्यों की आधारशीला रखे जाने पर ग्रामीणों ने भी हर्ष व्यक्त किया। मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्रवासियों में प्रसन्नता व्याप्त है। भूमिपूजन-लोकर्पण के उक्त कार्यक्रमों के दौरान जनपद सदस्य कन्हैया कोल्हे, सरपंच कल्पना मंडावी, ईश्वरी बाई, जानकी श्रीवास्तव, लखन, संतोष, रोधन उइके, गौरदास, जीवराखन, मंडावी, रूमलाल, श्यामसाय, जमल सिंह, बिसेलाल, सावंत मंडावी, मुकुंद कंवर, हरिलाल, बैसाखू मंडावी, नंदलाल, गंगा राम, राधेलाल, रवि, दयालु राम, देवार सिंह सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर भोजली की पूजा उपरांत इसके विसर्जन की परंपरा है। विधायक छन्नी साहू भी ग्राम कुहीखुर्द में आयोजित इस पर्व में के पारंपरिक आयोजन में शामिल हुईं। ग्रामीण महिलाओं के साथ विधि-विधान पूरा किए जाने के बाद भोजली का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रीमती साहू ने महिलाओं से पारिवारिक और अन्य विषयों पर चर्चा भी की। गांव के वरिष्ठजनों ने उन्हें गांव से जुड़ी पुरानी परंपराओं के बारे में भी बताया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रकाश शर्मा, भीखम देवांगन, आरिफ खान, जयपाल यादव, राजू राजपूत, भारत साहू, सरपंच तुलेश साहू, चंद्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

वन नेशन-वन इलेक्शन होने से धन की बर्बादी रूकेगी : कचरू शर्मा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारत में करीब 28 राज्य हैं, आठ संघ शासित राज्य हैं। उक्त राज्यों में 5 वर्ष तक लगातार विधानसभा चुनाव होते रहते हैं। विधानसभा, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच के चुनाव सहित तरह-तरह के चुनाव लगातार होते रहते हैं, जिससे बहुत अधिक धन और समय की बर्बादी होती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता कचरू प्रसाद शर्मा ने कहा कि इन सभी चुनाव में स्थानीय प्रशासन की बड़ी भूमिका रहती है, क्योंकि वह सब चुनाव आयोग के अंतर्गत हो जाते हैं। चुनाव के पूर्व आचार संहिता लग जाती है और आचार संहिता लगने के बाद सभी विकास के कार्यों की गति बहुत धीमी हो जाती है, क्योंकि प्रशासकीय कर्मचारी चुनाव में व्यस्त हो जाते हैं और चुनाव व्यस्त में होने के कारण वे विकास के कार्यों की ओर ध्यान

नहीं दे पाते, ऐसी स्थिति में समय का बहुत बड़ा नुकसान होता है और इस नुकसान की भरपाई संभव नहीं है, जब भी कहीं चुनाव की घोषणा होती है, वहां तीन माह पूर्व से ही आम जनता के कार्यों को चुनाव है, कहकर टाला जाता है। शासन किसी नए कार्यों की घोषणा नहीं कर सकता, उसे प्रारंभ नहीं कर सकता। बड़ी ही अजीब स्थिति हो जाती है, जब भी कोई जरूरतमंद व्यक्ति प्रशासन के पास जाता है और अपनी समस्या बताता है तो उसे कहा जाता है कि अभी चुनाव है। चुनाव के बाद मिलिए, तभी कुछ काम हो पाएगा। चुनाव के पूर्व शासकीय अधिकारी मतदाता का पुनरीक्षण करते हैं। नया नाम जोड़ने हैं, जो दिवंगत हो गए उनके नाम को हटाते हैं।

18 वर्ष आयु के युवक-युवतियों के नाम जोड़ते है। घर-घर जाकर सर्वे करते हैं, इसमें अत्यधिक समय का नुकसान होता है। सबसे बड़ी बात क्या है विधानसभा के लिए अलग मतदाता जिला पंचायत के लिए अलग मतदाता सरपंच चुनाव जिला जनता पंचायत के लिए अलग मतदाता नगर पालिका निगम की अलग-अलग मतदाता तरह से अलग-अलग मतदाताओं का मतदाता सूची बनाना एक बड़ा कठिन दुष्कर व समय खाने वाला कार्यक्रम है, जो विकास की गति पर ब्रेक लगाने का काम करता है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पीएस एल्मा की अध्यक्षता में शनिवार 2 सितंबर को प्रातः10.30 बजे कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में अवैध परिवहन/उत्खनन/भंडारण की रोकथाम हेतु बैठक आयोजित की गयी हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण सरंक्षण मंडल भिलाई ज़िला दुर्ग, ज़िले के सभी एसडीएम, ज़िला परिवहन अधिकारी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन, पट्टेदार संघ के अध्यक्ष, परिवहन संघ के अध्यक्ष, निर्माण विभाग ठेकेदार संघ के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। सभी को प्रभारी ज़िला खनिज शाखा द्वारा पत्र भेजा गया हैं।

शोभा सोनी की तृतीय पुण्यतिथि आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकप्रिय दिग्गज भाजपा नेत्री राजनांदगांव

की पूर्व महापौर स्वर्गीय शोभा सोनी की पुण्यतिथि विभिन्न स्थानों एवं वार्डों में 2 सितंबर को मनाई जाएगी। सुबह 11 बजे वृद्धा आश्रम में उत्तर मंडल के द्वारा भोजन कराया जाएगा व फल वितरण एवं पानी की बोतल दी जाएगी। दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि दी जाएगी। 1 बजे पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल वितरण और वृक्षारोपण किया जाएगा। शाम 7 बजे जय स्तंभ चौक में दीया जलाकर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

तांदुला नहर में बह गए दो युवक

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। तांदुला नहर में फूण्डा के पास एक युवक नहर में बहा। नहर के दूसरी ओर किनारे नहा रहे ग्रामीणों ने बताया कि युवक शौच के लिए गया था ट्रक ड्राइवर 27 वर्षीय युवक नहर में बह गया । 31 अगस्त की सुबह 6.30 बजे ट्रक में सीमेंट भरकर अरमरीकला भोथली खाली करने जा रहे थे। फूण्डा के पास नहर में युवक शौच के लिए रुका था। हेल्पर ट्रक में सोया था, तभी दूसरे तरफ नहर में नहा रहे ग्रामीणों ने देखा की एक युवक नहर में बह रहा है उनके देखते ही देखते युवक जलमग्न हो गया। ग्रामीण ने उसे बचाने के लिए का प्रयास किया एवं जाकर ट्रक हेल्पर को बताया कि उनका ड्राइवर नहर मे बह गया । तब तत्काल स्थानीय थाना को सूचित किया गया रनचिरई थाना को सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुँच शव का खोजबीन जारी कर दी गई । , ट्रक ड्राइवर का नाम आशीष दामले उम्र 27 वर्ष निवासी दल्लीराजहरा बताया जा रहा है। मौके पर पुलिस एवं गोताखोरों की टीम पहुंच युवक को खोजने में जुटे हुए हैं।

जुआरियों से नकदी एवं ताश जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। थाना नवागढ़ को 30 अगस्त को क्षेत्रांतर्गत ग्राम लालबंद किराना दुकान के सामने आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेलने की सुचना पर थाना नवागढ़ स्टाफपहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही में 9 जुआडियों पकडे गये। थाना नवागढ़ में जुआ का 1 प्रकरण दर्ज कर 9 जुआडियों के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों गणेशपुरी गोश्वामी उम्र 31 साल साकिन बावलीपारा नवागढ़, सालिकराम रात्रे उम्र 50 साल साकिन लालबंद, रवि ऊर्फ झुलेलाल सिन्हा उम्र 34 साल साकिन वार्ड नं. 06 नवागढ़, भूपेन्द्र बोयरे उम्र 29 साल साकिन लालबंद, प्रकाश कुर्रे उम्र 42 साल साकिन लालबंद, विरेन्द्र पाल बोयरे उम्र 30 साल साकिन लालबंद, पूरन लाल बोयरे उम्र 40 साल साकिन लालबंद, छन्नू लाल सिन्हा उम्र 38 साल साकिन वार्ड नं. 06 नवागढ़, मालिकराम रात्रे उम्र 55 साल साकिन लालबंद थाना नवागढ़ के पास एवं फ्ड से कुल जुमला नगदी रकम 7200 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि तुलाराम देशमुख, आरक्षक अमित यादव, राहुल दुबे, महेन्द्र वर्मा, फिरोज साहू, राजआडिल, चंद्रेश जोशी, राजेन्द्र साहू, रविकांत चंद्रवंशी एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

3 कोचियों से 57 पौवा शराब जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके तहत 30 अगस्त को थाना बेमेतरा एवं पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला के ग्राम अतरिया के किराना दुकान के सामने, ग्राम चोरभट्ठी चौक एवं ग्राम बोरसी हरिचंद पारधी के घर पीछे डबरी के पास में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 3 प्रकरण दर्ज कर 3 कोचियों के विरूद्ध धारा 34 (1) एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। पुलिस ने 3 कोचियों कन्हैया सतनामी पिता विश्राम सतनामी उम्र 50 साल साकिन अतरिया पुलिस चौकी खण्डसरा, धनेश्वर टण्डन पिता जगेलाल टण्डन उम्र 21 साल साकिन डोकला थाना व जिला बेमेतरा, हरिशचंद पारधी पिता मोहन लाल पारधी उम्र 35 साल साकिन बोरसी पुलिस चौकी कंडरका से 57 पौवा देशी प्लेन/मशाला शराब किमती 5910 रूपये, बिक्री रकम 1120 रूपये, कुल जुमला 7030 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सउनि संतोष ध्रुवें, पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि कंवल सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक गोपाल ध्रुव गौतम चंद ठाकुर एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

छत्तीसगढ़िया खेल हमारी संस्कृति : जंघेल

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के तत्वाधान में 23वें राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती दशमत उत्तम जंघेल ने ध्वजारोहण कर किया और खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाया। राजा फतेह सिंह खेल मैदान में कलेक्टर गोपाल वर्मा और अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के ऐतिहासिक राजा फतेह सिंह खेल मैदान में राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि की आसन्दी से मंडी अध्यक्ष दशमत जंघेल ने खिलाड़ियों और जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया खेल हमारी संस्कृति है, स्कूली खेल से प्रतिभाएं सामने आयेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के

नेतृत्व में छत्तीसगढ़िया खेलो का प्रतियोगिया के रूप में लगातार आयोजन हुआ है। इस तरह स्कूली खेल के माध्यम से खेल प्रतिभाओं का विकास होता है। अच्छा खेलें और समाज और राज्य का मान बढ़ाएं। सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं। सबसे पहले अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन और राज्यगीत के साथ कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया, स्कूली विद्यार्थियों में स्वागत गीत गायें, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई।

23 वें राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा मुख्य अतिथि दशमत जंघेल ने कलेक्टर गोपाल वर्मा के साथ मंच से किया। छत्तीसगढ़ राज्य के 5 जोन रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर और दुर्ग के 230 बालक व 230 बालिका कुल 460 विजेता खिलाड़ी और उनके खेल मैनेजर और प्रशिक्षक शामिल हुए। सभी जोन के प्रतिभागियों ने ज़ोन मैनेजर और प्रशिक्षकों के नेतृत्व में खेल मैदान में परेड किया। मंच से अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित अतिथियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमी दर्शकों का मन मोह लिया, सभी आनंदित नजर आए। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. व्ही. राव और संचालन भगवती सिन्हा ने किया। प्रतियोगिता में बस्तर जोन के जनरल मैनेजर रवि निकम, बिलासपुर से अवध चंद्राकर, रायपुर से राकेश प्रधान, सरगुजा से तिर्की जी व दुर्ग से टी. के. गोरी ने टीम का नेतृत्व किया। विशिष्ट के रूप में एल्डरमेन डॉ. किरण झा, आरती यादव, राजीव युवा मितान जिला संयोजक मयूरी सिंह, समाजसेवी नदीम मेमन, उत्तमचंद जंघेल, मीरा गुलाब चोपड़ा, अरुण भारद्वाज, सुबोध पांडे, भरत चंद्राकर, पूरन सारथी, पूर्व खेल प्रशिक्षक चैनूराम वर्मा, रविंद्र सिंह, मोहन वर्मा, राजा सोलंकी, सूर्यकांत यादव, संत निषाद सहित नागरिक, खिलाड़ी और मीडिया के लोग उपस्थित थे।

एसपी भावना आईएसीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से होंगी सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। एसपी बेमेतरा भावना गुप्ता जो वर्तमान में एसपी बेमेतरा के पद पर तैनात हैं को प्रतिष्ठित 40 अंडर 40 आईएसीपी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने नाम की घोषण किया गया हैं, जो हर साल दुनिया भर में पुलिस सेवा में 40 लीडर को दिया जाता हैं। इसके साथ ही वह यह सम्मान पाने वाली राज्य की पहली महिला आईपीएस बन गई हैं। यह पुरस्कार एसपी सूरजपुर और एसपी सरगुजा के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य और नेतृत्व के लिए दिया जा रहा हैं। विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अन्य महिला केंद्रित पहलों के बीच 2000 से अधिक आदिवासी लड़कियों को व्यापक आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करने के लिए हिम्मत प्रोग्राम चलाया। 17 अक्टूबर 2023 को San Diego. California में एसपी बेमेतरा

श्रीमती भावना गुप्ता को आईएसीपी 40 अंडर 40 अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाना हैं। यह छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गौरव का क्षण हैं। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। यह वास्तव में हम सभी बेमेतरा पुलिस विभाग के लिए गर्व का क्षण हैं। महान उपलब्धि हैं, आप उन सभी के लिए प्रेरणा हैं, जो सेवा में शामिल होने के बाद अपने जुनून का पीछा करना बंद कर देते हैं।

मालगाड़ी के ऊपर गिरा स्ट्रक्चर, वैगन भी तबाह

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। 30 अगस्त की रात्रि लगभग 9 बजे दल्ली यंत्रीकृत खदान में कन्वेयर गैलरी नं 16-17 का स्ट्रक्चर दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया। किसी कुछ समझ आता इससे पहले रेल्वे लाइन बंद हो गई, कच्चे माल का खेप लेकर मालगाड़ी निकलने वाली थी तभी ये दुर्घटना हो गई। सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कोई भी कर्मचारी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी मालगाड़ी के ऊपर लोहे का स्ट्रक्चर गिरने से मालगाड़ी का वैगन भी दब गया है और वैगन को भी नुकसान हुआ है।

यूनियन के प्रतिनिधियों ने घटनास्थल का निरीक्षण करने घटनास्थल पर पहुंचे जिसमें मुख्य रूप से एटक से कमलजीत सिंह मान ,और श्रीनिवास, भारतीय मजदूर संघ से एम पी सिंग, मुश्ताक अहमद, किशोर कुमार मायती,इंटक से अभय सिंह थे ।तीनों यूनियन प्रतिनिधियों ने वहां राहत कार्य में लगे सभी नियमित कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों से बातचीत किया और दुर्घटना के कारणों को जानने का प्रयास किया और घटना स्थल का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान यूनियन प्रतिनिधियों ने वहां उपस्थित श्रमवीरों का हौसला बढ़ाया और उन्हें बढ़-चढ़ कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया साथ ही सभी श्रमवीरों को सुरक्षा के मापदंडों का पालन करते हुए कार्य करने को कहा और सुरक्षा प्रथम की नीति पर काम करने को कहा। यूनियन प्रतिनिधियों ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद दल्ली यंत्रीकृत खदान के माईस आफिस सभागार में पहुंचे जहां ई डी माईस की उपस्थिति में बैठक हुई ।जिसमें राजहरा खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक,दल्ली यंत्रीकृत खदान के एजेंट और माईस मैनेजर भी उपस्थित थे।

नशा मुक्ति अभियान के खिलाफ एसपी ने ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिला को नशामुक्त कराने कलेक्टर पीएस एल्मा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक ी भावना गुप्ता ने (नारको कोआर्डिनेशन सेंटर) जिला स्तरीय सेंटर समिति की बैठक ली। बैठक पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें समिति के सदस्यों से नशामुक्ति अभियान के प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा उप संचालक समाज कल्याण विभाग बेमेतरा, सहायक संचालक कृषि विभाग बेमेतरा, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा को स्व-सहायता महिला समूहों एवं पुलिस विभाग के साथ मिलकर संयुक्त रूप से नशा मुक्ति जैसे शराब, गांजा, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट का सेवन नहीं करने व नशा सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में आम लोगो को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया।

पार्षद नेताम को छात्राओं ने बांधी राखी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। रक्षाबंधन पावन पर्व पर रेवाडीह वार्ड के पार्षद, कनिष्ठ सभापति नगर पालिक निगम गामेंद्र नेताम के तत्वाधान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रेवाडीह में स्कूली बहनों के साथ राखी तिहार मनाया गया। जिसमें स्कूली बालिका बहनों ने वार्ड पार्षद के कलाई में राखी बांधी। साथ ही मिठाई खिलाये, उसके पश्चात वार्ड पार्षद नेताम ने उन सभी बहनों को उपहार भेंट एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक अनूप कंवर, शिवा निर्मलकर, नरेन्द्र मंडावी, मोनू राजपूत उपस्थित थे।

कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद (छ.ग.) एवं पदेन उपसचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

-:: अधिसूचना ::-

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 201808221800008: गरियाबंद, दिनांक / /2023

चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित निजी भूमि की भेजीपदर व्यपवर्तन योजनांतर्गत नहर निर्माण कार्य हेतु भू-अर्जन प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतएव भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद द्वारा अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा 19 के तहत् यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:-

अनुसूची

भूमि का वर्णनः- जिला गरियाबंद, तहसील - अमलीपदर, ग्राम / नगर - गुढ़ियारी एवं क्षेत्रफल - 18.119 हेक्टेयर

स.क्र.	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	स.क्र.	खसरा नंबर	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)
1	363	0.162	12	454/5	0.450
2	365	0.429	13	455/2	0.450
3	442	0.485	14	455/3	0.450
4	443	0.081	15	456	3.034
5	450	3.103	16	457/2	0.069
6	454/1	4.130	17	457/3	0.041
7	458/1	0.222	18	458/2	0.129
8	452	0.332	19	460	1.578
9	454/2	1.050	20	431	0.101
10	454/3	0.100	21	433	1.119
11	454/3	0.400	22	457/1	0.214
कुल खसरा नंबर 22 कुल रकबा 18.119 हेक्टेयर					

भूमि का नक्शा/प्लान का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर के कार्यालय में किया जा सकता है। प्रस्तावित भूमि अर्जन में किसी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
कलेक्टर गरियाबंद
एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

भू-अर्जन अधिकारी
मैनपुर

जी-04808/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 7401/नि.प्र.क्र.- 06/ लो.नि.वि. /2023-22 दुर्ग, दिनांक 29/08/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 08/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 20/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 21/09/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी इसे कार्य दिवसों पर खोला जाएगा।

स.क्र./ निविदा क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
(1) T0112	Providing E/F to Govt. High School Building at Koba Block Dondilohara, District Balod.	7.57 Lacs
(2) T0113	Providing General Electrification work OW/Deposit / MOW /S/R/ OM work under Block Durg (Zonal work) Lacs	18.30
(3) TO114	Providing General Electrification work OW/Deposit / MOW /S/R/OM work under Block Patan, District Durg (Zonal work)	17.90 Lacs
(4) TO115	Providing General Electrification work OW/Deposit/MOW /S/R/OM work under Block Dhamdha, District Durg (Zonal work)	17.60 Lacs
(5) T0116	Providing General Electrification work OW/Deposit / MOW /S/R/OM work under Civil Sub Division No.-03, Durg (Zonal work)	18.60 Lacs
(6) T0117	Providing General Electrification work OW/Deposit/MOW /S/R/OM work under District Mohla-Manpur-Ambagarhchowki (Zonal work)	19.50 Lacs
(7) TO118	Providing General Electrification work OW/Deposit/MOW /S/R/OM work under District Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai (Zonal work)	19.60 Lacs
(8) T0119	Providing General Electrification work OW/Deposit/MOW /S/R/OM work under Block Rajnandgaon (Zonal work)	18.40 Lacs
(9) T0120	Providing General Electrification work OW/Deposit/MOW /S/R/OM work under Block Dongargarh (Zonal work)	17.60 Lacs
(10) T0121	Providing General Electrification work OW/Deposit/MOW /S/R/ OM work under Block Dondi and Gurur. District Balod (Zonal work)	18.40 Lacs
(11) TO122	Providing General Electrification work OW/Deposit/MOW /S/R/OM work under Block Balod (Zonal work)	18.30 Lacs
(12) T0123	Providing General Electrification work OW/Deposit / MOW /S/R/OM work under Block Bemetara (Zonal work)	18.40 Lacs
(13) T0124	Providing General Electrification work OW/Deposit / MOW /S/R/OM work under Block Nawagarh, District Bemetara (Zonal work)	17.60 Lacs
(14) T0125	Providing General Electrification work OW/Deposit / MOW W/S/R/OM work under Block Saja, District Bemetara (Zonal work)	17.90 Lacs
(15) T0126	Providing General Electrification work OW/Deposit/MOW /S/R/OM work under Block Pandariya. District Kabirdham (Zonal work)	17.40 Lacs
(16) T0127	Providing General Electrification work OW/Deposit /MOW /S/R/OM work under Block Bodla, District Kabirdham (Zonal work)	17.50 Lacs
(17) T0128	Providing General Electrification work OW/Deposit/MOW /S/R/OM work under Block Sahaspurlohara, District Kabirdham (Zonal work)	17.80 Lacs
(18) T0129	Providing General Electrification work / CCTV Camera/ Sound System/Projector / Inverter Battery/Networking work and Maintenance work under E/M Division. Durg	19.90 Lacs
(19) T0130	Maintenance of Air Conditioners under District Durg	10.00 Lacs
(20) T0131	Providing Electrification work CCTV/Fire Alarm System/ UPS/Inverter Battery/Networking System / Air Conditioners under District Balod	19.80 Lacs

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

टीप:- (1) आवंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेगा।

जी-04800/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

शिक्षक अजय रुस में छात्रों को पढ़ाएंगे हिन्दी

■ 3 वर्ष की सेवा के लिए रवाना

दुर्ग/नवप्रदेश । दीपक नगर दुर्ग निवासी हिंदी शिक्षक अजय साहू का केंद्रीय विद्यालय की विदेश सेवा हेतु चयन किया गया है। वे रुस की राजधानी मास्को में आगामी तीन वर्षों तक निवास कर अपनी सेवाएं देंगे। सेवा देने वे सपरिवार रुस के लिए रवाना हो गए है। केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक अजय साहू का कठिन चयन प्रक्रिया में देश के उत्कृष्ट शिक्षक के रुप में चयन किया गया है। वे छत्तीसगढ़ के पहले ऐसे शिक्षक है, जिनकी तीन वर्ष के लिए एम्बेंसी ऑफ इंडिया स्कूल मास्को रुस में नियुक्ति हुई है। वे अपनी पत्नी पार्वती साहू और दो बच्चों भानुराज और नीतिज्ञ साहू के साथ मास्को (रुस) के लिए रवाना हो गए है। वे रुस की राजधानी मास्को में आगामी तीन वर्षों तक अपनी सेवाएं देंगे। वे भारतीय बच्चों के अलावा रुसी विद्यार्थियों को हिंदी पढ़ाएंगे। इस दौरान भारत सरकार द्वारा उनके आवास एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई है। केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक के रुप में वे नारायणपुर, रायपुर, कोरबा के अलावा, गोधरा गुजरात,शिलांग-मेघालय सहित कई स्कूलों में हिंदी शिक्षक के रुप सेवा देते हुए सम्मानित किए गए है। वे दुर्ग-भिलाई के साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं रंगमंच-जगत में सक्रिय रहे है। आकाशवाणी से लगातार उनके लिखे सम-सामायिक आलेखों का प्रसारण होता रहा है। दूरदर्शन रायपुर से प्रसारित टेलीफिल्मों में भी उन्होने उत्कृष्ट अभिनय किया है। शिक्षक अजय साहू की इस उपलब्धि पर केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षकों के अलावा साहित्यकारों, कलाकारों एवं नगरवासियों ने बधाई दी है।

9 प्रतिशत बढ़ा हुआ हाऊस रेंट मिलेगा

भिलाई/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 9 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता बढ़ाए जाने की घोषणा के परिपालन मे वित्त विभाग छ.ग.शासन द्वारा आदेश जारी किये जाने के बाद नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के कर्मचारियों को गृह भाड़ा भत्ता (एचआरए) सातवां वेतनमान के बेसिक के 9 प्रतिशत के रूप में प्रदान किए जाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक भिलाई निगम के अधिकारी कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के अंतर्गत महंभाई भत्ता 25 प्रतिशत होने पर 9 प्रतिशत की दर से गृह भाड़ा भत्ता (एचआरए) तथा महंगाई भत्ता (डीए) 50 प्रतिशत होने पर 10 प्रतिशत की दर से गृह भाड़ा भत्ता भुगतान किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की है। जो अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अगस्त पेड सितंबर को मिलने वाले वेतन में प्राप्त होगा। नगर पालिक निगम भिलाई के कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री छ.ग. शासन महापौर नीरज पाल एवं निगम प्रशासन प्रति आभार व्यक्त किया है।

पाटन के सहायक शिक्षकों को वेतन के लाले

पाटन/नवप्रदेश। पाटन विकासखंड के सहायक शिक्षकों का वेतन अब तक नहीं मिला है । जिले भर में सभी स्थानो पर सभी शिक्षकों को वेतन दिया जा चुका है । मगर मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र पाटन में यह हाल है कि राखी का पावन पर्व गुजर गया और शिक्षकों को वेतन के लाले पड़े रहे। वेतन विलंब होने की वजह पूछने पर भी कोई संतोष का जवाब नहीं मिलता है । बताया जाता है कि सहायक शिक्षकों का वेतन रायपुर से रुका हुआ है । यह हैरत का विषय है कि शिक्षकों के वेतन राजधानी रायपुर से कैसे रुकते हैं । बहरहाल शिक्षकों को उम्मीद थी कि उनका वेतन रक्षाबंधन के पूर्व तक मिल जाएगा, मगर यह हो ना सका, और अब यह आलम है कि रक्षाबंधन पर्व को गुजरे दो दिन हो गए उसके बाद जो वेतन का अता पता नहीं है। शिक्षकों को आर्थिक कठिनाइयां हो रही है । सामने त्यौहार खड़े हैं शिक्षक चिंतित हैं। शायद शिक्षकों का कहना है कि वैसे भी उनका वेतन बहुत कम है । इसके बावजूद विभाग उनका वेतन देने में आना का नहीं करता है। किंतु सरकार इस ओर जरा भी ध्यान नहीं दे रहा। शिक्षकों ने कई बार अपनी मांगों को सामने रखा पर सरकार की ओर से आज तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया। एक ओर अल्प वेतन दूसरी ओर वेतन का अभाव इस दोहरी मार से शिक्षक में हैं । शिक्षक अपने वेतन का शिद्दत से इंतजार कर रहे हैं।

बच्चों ने पुस्तकों का किया वाचन व पठन

कुम्हारी/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशानुरूप रूम टू रीड के सौजन्य से दिनांक 1 सितंबर शुक्रवार को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में रीड ए थान का आयोजन किया जा रहा है इसके अंतर्गत विद्यालय के 590 बच्चों द्वारा विभिन्न पुस्तकों का पठन किया गया। मुख्य रूप से बच्चों के साथ राम कुमार सोनी (सांसद प्रतिनिधि) कुम्हारी, मुकुंद राठौर स्स्ष्ट्ट सदस्य और विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती लता रघु कुमार एवं समस्त शिक्षकों द्वारा सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक विभिन्न पुस्तकों का पठन एवं वाचन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्सुकता एवं जिज्ञासापूर्ण भाग लिया।

निधन

दशरथ भारती गोस्वामी

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग गया नगर निवासी महंत दशरथ भारती गोस्वामी (77 वर्ष) का शुक्रवार सुबह 9 बजे निधन हो गया। वे कीर्तन, सुरेश, कौशल भारती गोस्वामी के बड़े भाई एवं सुनील, पूनम, देवेन्द्र भारती गोस्वामी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया।

निगम ने 4 कर्मचारियों को दी विदाई

भिलाई/नवप्रदेश। निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके निगम के 04 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से सेवानिवृत्त होने वाले रोहित कुमार चन्द्राकर आ0 खुमान जोन 03, देवेन्द्र मोहन साकरकर आ0 विठ्ठलराव जनसूचना विभाग, भरत लाल आ0 बृजलाल जोन 02, के. राजू आ0 गुरवैयया जोन 02 को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट कर अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना के साथ बिदाई दी गई। कार्यपालन अभियंता शरद चावड़ा ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है। इसी प्रकार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के साथ कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए समय को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना किये ।

प्रेमचंद का 35 साथियों के साथ भाजपा प्रवेश

भिलाई/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बृजेश बृजपुरिया के नेतृत्व में कुल 35 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया जिसमें वकील चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉक्टर एवं युवा शामिल हुए। भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष बृजेश बृजपुरिया ने अपने उद्बोधन में कहा की भारतीय जनता पार्टी की नीति विचारधारा सिद्धांतों से एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों से प्रभाव भारी संख्या में लोग भाजपा प्रवेश कर रहे हैं नव प्रवेशी कार्यकर्ताओं को बृजेश बृजपुरिया ने भाजपा की रीति नीति और विचारधारा बताएं कार्यक्रम को संचालन महामंत्री प्रेमलाल साहू ने एवं आभार प्रदर्शन जिला मंत्री जयप्रकाश यादव ने किया इस अवसर पर महामंत्री योगेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष महेश वर्मा जिला मंत्री बृजेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष रोग राम साहू मंडल अध्यक्ष गजानन भारी संख्या में लोग शामिल थे। आज शहर के नामी वकील एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रेमचंद देवांगन उनके समेत कई लोगों ने भाजपा में प्रवेश लिया जिनमें से हर वर्ग के लोग शामिल थे व्यापारी डॉक्टर इंजीनियर एवं कई युवा भी शामिल रहे। भाजपा में नए शामिल हुए लोगों के यह थे जीवनलाल साहू,मोहनीश देवांगन, वागीश देवांगन, डोमेन देवांगन,विक्की देवांगन, कुंदन जायसवाल,राहुल जायसवाल, अखिलेश फिलिप, हिमांशु गोयल, अंकित, भूपेन देवांगन,मुन्ना कुमार, धनेश पटेल,शक्ति सिंह एवं और भी लोग उपस्थित थे।

वाल्व में आई खराबी बनाने में जुटा निगम अमला

आज भी कई क्षेत्रों में नहीं आएगा पानी

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई निगम के क्षेत्र के कई क्षेत्रों में आज भी पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी, 66 एम.एल.डी फिल्टर प्लांट से पानी टंकी में जाने वाले पाईप के वाल्व में खराबी आ गई जिसे सुधारने के लिए भिलाई निगम के फिल्टर प्लांट के तकनीशियन पूरे अमले के साथ दो दिनों से लगातार संधारण कार्य में जुटे हुए है। चूंकि खराब हुआ वाल्व गहराई में लगा हुआ है, खराब हुए वाल्व को काटकर बदलने का काम देर रात तक जारी रहा इंजीनियरों के मुताबिक शनिवार प्रथम पहर तक वाल्व बदलने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा इसके बाद सभी पानी टंकियों में पानी भरकर प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई की जाएगी।

जल कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि फिल्टर प्लांट के 66 एम.एल.डी.के 800 एमएम डाया के खराब वाल्व को बदलने के लिए कार्य लगातार जारी है, गडढा खोदकर डी वाटरिंग कर पाईप काटकर वाल्व को बदला जाएगा। दो दिन से पांच पानी टंकी मे जल भराव का कार्य नही हो सका है जिसके कारण नेहरूनगर, स्मृति नगर, खम्हरिया, स्लाटर हाउस एवं फरीदनगर क्षेत्र मे शनिवार को भी पेयजल सप्लाई नही हो पाईगी। जिन क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई प्रभावित रही उन सभी क्षेत्रों में नेहरू नगर जोन 01 से जलकार्य विभाग द्वारा उन क्षेत्रों में पावर पंप तथा पानी टैंकर भेजकर पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है।

भूपेश बघेल ने दिया राखी का तोहफा

■ रक्षाबंधन के दिन बेरोजगारी भत्ता खाते में किया ट्रांसफर

कुम्हारी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत 30 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के दिन मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 1 लाख 29 हजार 886 युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के तहत 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रुपये की राशि का अंतरण किया। इसके साथ ही उन्होंने आई टी आई में प्रशिक्षण चयनित 84 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी दिया गया। बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत अब तक छत्तीसगढ़ के भाई बहनों को 146 करोड़ 98 लाख 95 हजार रुपए की राशि खाते में ट्रांसफर कर चुके हैं।

विधायक ने अफसरों की ली मिटिंग

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर विधायक अरुण वोरा द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की मौजूदगी में विकास कार्यो के लिए अधिकारी बेहतर समन्वयन के साथ कार्य करें। विधान सभा क्षेत्र में जन हित को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक अरुण वोरा ने दुर्ग शहर विधान सभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो का ब्योरा लिया और अधिकारियों को अधूरे कार्यो को जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए।उन्होंने बैठक में कहा शहर में आधे अधूरे कार्यो का निरीक्षण करें,कार्यो को जल्द पूरा करें।अमृत मिशन के कार्यो को लेकर विधायक ने अब किसी भी वार्डो में पानी की समस्या नही होनी चाहिए।

हरियाणा में आयोजित ऑल इंडिया कराटे में चरोदा के खिलाड़ी छाए

■ महापौर निर्मल कोसरे ने किया पदक विजेताओं का सम्मान

भिलाई/नवप्रदेश। काई ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा में किया गया। इस चैंपियनशिप में बीएमवाय चरोदा के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किया। महापौर निर्मल कोसरे ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपने भिलाई-3 निवास में आमंत्रित कर सम्मानित किया।

भिलाई - चरोदा निगम क्षेत्र के नौ खिलाड़ियों ने हरियाणा में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता। कराटे में काता और कुमिते के खिलाड़ियों की सजी टीम चरोदा से कोच उमा महेश्वर राव एवं अलीशा फ्रीन के साथ हरियाणा गई थी। जिसमें देवस्मिता नायक ने कुमिते में स्वर्ण पदक, सार्थक रंजन ने कुमिते में स्वर्ण पदक, मृणमोयी बारिक ने कुमिते में रजत पदक, किरण गोडवे ने कुमिते में रजत पदक, दुर्गेश्वरी ने ग्रुप काता में रजत एवं काता व कुमिते में कांस्य पदक, अदिति सरकार ने ग्रुप काता में रजत पदक और कुमिते में कांस्य पदक, श्रेया सरकार ने ग्रुप काता में रजत पदक और कुमिते में कांस्य पदक, डिंपल ठाकुर ने काता में कांस्य पदक तथा अमृत कौर ने काता में कांस्य पदक प्राप्त किया।

चैंपियनशिप में भाग लेकर लौटे पदक विजेता खिलाड़ियों को भिलाई - चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे ने अपने वसुंधरा नगर निवास में आमंत्रित किया। इस दौरान श्री कोसरे ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर शाबाशी दी।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

-:: ईश्तहार ::-

(रा.प्र.क्र./202307100400385 / अ-6.अ / वर्ष 2022-23)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग महोदय से प्राप्त रा.प्र. क. 202307100400385/अ-6(अ) वर्ष 2022 23 आवेदक अनीमादास पति एस. विमलदास निवासी कातुलबोर्ड दुर्ग तह व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कुरूद पहन 46 रा.नि.म. कोहक्का स्थित भूमि खसरा नं. 1580/7 रकबा 0.030 है, जो कि आवेदिका के नाम पर दर्ज है में उनके पति का त्रुटिपूर्ण ढंग से अभिलिखित हो जाने के कारण सही रकबा दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को सलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अब जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08/08/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/ 2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, उपतहसील भिलाई नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ:- जिला दुर्ग तह रेल दुर्ग प.ह.न. 00017 कोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र. क्र. आरडी202223430107400117

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी लोचनाजौ.बि राम पिता/पति- पता- सिकोला के द्वारा धारित भूमि ख.क्र. 32/131 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राधिका पिता श्री बिराम पिता वार्डनंबर 16 सिकोला बस्ती जंयतीनगर दुर्ग, बिराम पिता श्रीपंचराम हूपटा वार्ड नं. 16 सिकोला बस्ती, जयंतीनगर दुर्ग, ना. बा. हेमराज पिता/पति पिता श्री राजेश पता वार्डनं. 16 सिकोला बस्ती, जयंतीनगर दुर्ग, पायल नि पिता/पति राजेश पिता वार्ड नं. 16 सिकोला बस्ती, नगर दुर्ग, ना.बा.गुमिता साहु पिता/पती- पिता राजेश पिता वार्ड नं. बस्त, जयंतीनगर दुर्ग, रेखाबाई पिता/पति-श्रीबी राम पिता वार्ड नं. सिकोला बस्ती, जयंतीनगर दुर्ग, रोशनी पुत्री पिती राजेश वार्ड नं. 16 सिकोला जयंतीनगरदुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की नवाई दिनांक 25/09/2023 को मय बह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी नवाई के पूर्व या सुनवाई के मय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम पेश कर करते है। प्रकरण के लुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा आज दिनांक 31/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग, (छ.ग.)

रा. प्र. क्र. 202308100400295 अ-06अ/2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपा बाई पति कौशल साहू निवासी ग्राम कोकडी तह व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कड़ी पहन 55 स्थित भूमि ख.न. 648/7, 97/2 रकबा 0.073, 0.026 हे जो कि आवेदिका के नाम पर दर्ज है जो कि घरेलू नाम उषा होने का लेख है जो कि त्रुटिपूर्ण है आवेदक रूपा बाई सही नाम है उक्त त्रुटि सुधार करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 15.09.2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2023 को यह उदघोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया ।

पेशी दिनांक 15.09.2023

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं. 202308100400487/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका देवप्रसाद साहू आ./ पति थुकलू राम साहू निवासी रूआबांधा सेक्टर भिलाई के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.नं. 52 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 359/16 रकबा 0.0200 हे. 2000 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.अ-6/2022/23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदिका श्रीमति कमला शुक्ला पति स्व. डॉ. कौशल प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम आदर्श नगर कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 773/14, 774/25 रकबा 0.028 हे., 0.005 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार को कौशल प्रसाद शुक्ला की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों को नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था का किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 19/9/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/8/23 को यह उदघोषणा गरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

जारी दिनांक 29/8/23

सुनवाई दिनांक 19/9/23

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

202308100400458/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका अंकिता कुकरेजा अन्य 01 आ./पति सागर कुकरेजा निवासी गुरूनानक नगर दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.नं. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 773/6 रकबा 0.0303 हे0 3266.73 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 31/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ ,जिला-राजनांदगांव

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202308092300001 ब/ 121- वर्ष 2022-23

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयराम वर्मा आ.पंचूराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम पारागांवखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री दीक्षा वर्मा आ. जयराम वर्मा का जन्म दिनांक 29.05.2005 को ग्राम पारागांवखुर्द में हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में जन्म दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री मीनाश्री वर्मा आ. जयराम वर्मा का जन्म दिनांक 08/07/2003 को ग्राम पारागांवखुर्द में जर्द करने आवेदन पत्र,अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेशी किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन प्रकाशन दिनांक 06-09-2023 के पुर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

सील — नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा- पत्र

राजस्व प्रकरण क्र. अ/6वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका महेश राम साहू पिता विशाल राम साहू निवासी ग्राम पुरानी बस्ती मोखा तहसील गुरड़देही जिला बालोद के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 726/35 रकबा 0.0120हें भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खाातेदार बिसाल राम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस कि सी व्यक्ति अथवा सस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम स इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदक पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31/08/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.क्र.क्र.अ/6 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती फेला एक्का आ./पति अवधेश शुक्ला साकिन सिकोला के द्वारा ग्राम उरला प.ह.न .. रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 825/3 रकबा 3000 वर्गफीट हें भुमि गीता बाई निर्मलकर/ सुखबीरराम से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26/12/03 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा सस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदक पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग छ.ग.

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

- ईश्तहार :-

(रा.प्र.क्र. /202307100400385 / अ-6-अ / वर्ष 2022-23)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा) दुर्ग महोदय से प्राप्त संप्र.क. 202307100400385/16 (अ) वर्ष 2022-23 आवेदक अनीमादास पति एस. विमलदास निवासी कातुलबोर्ड दुर्ग वह जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कुरूद पहन 46 रा.नि.म. कोहाक स्थित भूमि खसरा न. 1580/7 रकबा 0.030 हे. जो कि आवेदिका के नाम पर दर्ज है में उनके पति का त्रुटिपूर्ण ढंग से अभिलिखित हो जाने के कारण सही रिकार्ड अद्यतन किये जाने बावत आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08/09/2023 को उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 31/07/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, उपतहसील, भिलाई नगर (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

प्रवीण कुमार पिता पुरषोत्तम लाल उम्र 48 वर्ष निवासी मकान नं. 645 सिंधिया नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं , मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र में एवं मेरे आधार कार्ड क्रमांक 8574 0274 5080 में एवं मेरे पेन कार्ड मेरा नाम प्रवीण कुमार PRAVEEN KUMAR दर्ज है तथा मैं उसी नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूं जो कि मेरा सही नाम है। मेरे आई.सी.आई.सी.आई. डी. मैट एकाउन्ट (DMAT) में मेरा नाम प्रवीण सोनी (PRAVEEN SONI) दर्ज है जिसे की सुधार कराना चाहता हूं । वर्तमान में अपने प्रवीण कुमार के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है जो की मेरा सही एवं पूर्ण नाम है। प्रवीण कुमार एवं प्रवीण सोनी दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का सम्बोधन होता है तथा मैं एक ही व्यक्ति हूँ । यह शपथपत्र अपना नाम प्रवीण सोनी (PRAVEEN SONI) के स्थान पर अपना सही नाम नाम प्रवीण कुमार PRAVEEN KUMAR अपने समस्त शासकीय अशासकीय अभिलेखों में सुधार कराना चाहता हूँ जिसके लिये यह शपथपत्र राजपत्र में प्रकाशन कराने के लिये प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ अ-20(1)/वर्ष 2022-23 ई/सी-202308103800025

आवेदक राजेंद्र कुमार पिता स्व. नथ्थूलाल जैन निवासी तमेरपारा (बनियापारा) दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 6 अ प्लाट नं. 2/1 रकबा 302 वर्गमीटर धारक राजेन्द्र कुमार के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी का अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/09/23 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/वर्ष 2022-23 ई/सी-202308103800028

आवेदक राजेन्द्र कुमार जैन पिता/पति स्व. नभ्भूलाल जैन निवासी तमेरणारा (बनियापारा) दुर्गा द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 5 बी प्लाट न. 1/30 रकबा 1050 व. फी., वर्गमीटर धारक राजेन्द्र कुमार जैन के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2018 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी का अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है ।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/09/2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/वर्ष 2022-23 ई/सी-202308103800022

आवेदक रविन्द्र कुमार चैन पिता रतनचंद्र जैन निवासी तमेसारा (बनियापारा) दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 6 (अ) प्लाट 2/2 रकबा 594 व. फी., वर्गमीटर धारक रविन्द्र कुमार जैन के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1 /2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में शासन की शर्तो के अनुरूप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी का अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/9/2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप /आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28.08.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा को जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती ममता बिश्वाल

आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202308100400451

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती श्रीमती ममता बिश्वाल पति श्री सरत कुमार बिश्वाल निवासी मैत्री नगर रिसाल भिलाई जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न 49 तह.व जिला दुर्ग	1193/29	0.0139हे. 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.8.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती मुन्नी बाई

आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202308100400411

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती श्रीमती मुन्नी बाई पति श्री दरबारी लाल निवासी शिवपारा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
दुर्ग प.ह.न 24 तह.व जिला दुर्ग	684/146	0.072हे. 7980 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.8.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), दुर्ग, जिला-दुर्ग

जिलाबदर के बाद भी घूम रहा मेराज

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। अपराधों मे लिप्त रहने वाला अपराधी मोहम्मद मेराज 25 वर्ष वार्ड क्र.15 ड्रीलिंग कैंप निवासी जिलाबदर होने के बाद भी खुलेआम नगर में घूम रहा है। ज्ञात हो की मो. मेराज के खिलाफ दल्लीराजहरा में कई अपराधिक मामलों में लिप्त होने को लेकर थाना राजहरा में इसके विरूद्ध दर्जनों से भी ज्यादा अपराध पंजीबद्ध होने पर प्रशासन के द्वारा इस युवक पर जिलाबदर की कार्यवाही की गई थी। इसके बाबजूद वह खुलेआम नगर में घूम कर नगर में अराजकता फैलाने का कार्य बखूबी करता है। पुलिस द्वारा एक माह पूर्व भी इस जिलाबदर मो. मेराज को इसके अपराधी भाई के साथ गिरफ्तार कर थाने लाया गया था,उसके बाबजूद इसके ऊपर पुलिस कार्यवाही करने के बजाया थाने से छोड़ दिया गया। वार्ड वासियों व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया की मंत्री व मंत्री के पति पर सोशल मिडिया में आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित कर गाली गलौज करना पत्रकारो ,मंत्री पति कांग्रेस भाजपा के प्रतिनिधियों को गाली गलौज करना राजनीतिक दलों के खिलाफ प्रशासन के अधिकारियों विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के विरूद्ध अशोभनीय व आपत्तिजनक टिप्पणी करना इसकी आदत हो गई थी। जिलाबदर व्यक्ति मो. मेराज निरंतर राजहरा व आस पास के क्षेत्र में खुले आम घूम कर शांति व्यवस्था को बाधित करने का प्रयास लगातार किया गया जा रहा है।ऐसा नही की स्थानीय पुलिस विभाग के इस अपराधी की शहर में होने की जानकारी नही है। इस अपराधी को पुलिस गिरफ्तार कर भी छोड़ देती है जो समझ से परे है। सूत्रों से मिली जानकारीनुसार यह जिलाबदर अपराधी मो.मेराज अपने ऊपर हुए जिलाबदर कार्यवाही को खारिज करवाने पुलिस कमिश्नर व मंत्रालय में जिलाबदर की कार्यवाही को खारिज करने की अर्जी लगाई है। नगर व वार्ड वासियों के साथ विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है जिलाबदर मो. मेराज के ऊपर कड़ी कार्यवाही करे व दल्ली राजहरा थाना प्रभारी को इस जिलाबदर अपराधी को गिरफ्तार करने का निर्देश दे।उन्होने यह भी कहा की अभी प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी चल रही है,ऐसे में जिलाबदर अपराधी का खुलेआम घूमना नगर व जिले में शांति व्यवस्था बाधित होने का अंदेशा बना हुआ है।

ज्ञात हो की अपराधी मो.मेराज के व्दारा शहर व क्षेत्र का माहौल खराब करने को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र कुमार यादव ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिवेदन जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिस पर 22 मई 2023 से 21 मई 2024 तक एक वर्ष के लिए कलेक्टर के व्दारा अपराधों में लिप्त रहने वाले मों. मेराज को जिला बालोद, दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव ,कांकेर जिले के समीपवर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर निकल जाने का आदेश दिया गया है। जिस दिन से मो. मेराज पर जिलाबदर की कार्यवाही प्रशासन व्दारा की गई है मो. मेराज शहर में अपने घर के आस पास देखा गया है।

भाइयों ने बहनों की रक्षा का लिया संकल्प

नवागढ़/नवप्रदेश। रक्षाबंधन का त्योहार नवागढ़ क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का संकल्प दिलाया। इस बार रक्षाबंधन का त्योहार बुधवार को भद्रा होने से कारण रक्षाबंधन का पर्व बुधवार देर रात व गुरुवार के दिन को मनाया गया। बुधवार को रात 09 बजे के बाद तैयार होकर भाइयों ने बहनों से कलाई पर राखी बंधवाई। राखी बांधने से पहले बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा किया और तिलक लगाया। भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। बहन-भाई के प्यार का प्रतिक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। बुधवार की शाम लोग स्नान कर देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया। इसके उपरांत बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षा सुत बांधकर जन्म जन्म तक सुख-दुःख में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया।

मूल रिकार्ड के आधार पर बनाएं जाति प्रमाण पत्र: अपर कलेक्टर

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में साप्ताहिक समय-सीमा की सर्व विभागीय बैठक जिला सभगार में सम्पन्न हुई। अपर कलेक्टर डी. एस. राजपूत ने सभी विभागों के कार्यो की समीक्षा लेकर निर्देश दिए। कार्य में शिथिलता बरतने पर खैरागढ़ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एस.डी.ओ को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ। अपर कलेक्टर एवं उप जिला दण्डाधिकारी डी. एस. राजपूत ने समय सीमा की बैठक लेते हुए राजस्व व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों में विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र बनाते समु मूल रिकार्ड के आधार पर मिलान करके शीघ्र बनाएं। शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर शेष बचे हुए आवेदन फॉर्म को एकत्रित करके अपलोड करने प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के मरम्मत और निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण एजेंसी को निर्देश दिया कि निर्वाचन के दृष्टिकोण से जिले के जतन योग्य सभी मतदान केंद्र भवन और शौचालय को शीघ्र पूर्ण करें। समय सीमा बैठक में अपर कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक की राशि विजेताओं से बैंक खाते की जानकारी लेकर अविलम्ब राशि डालने जनपद दोनो सीईओ को निर्देश दिए। बैठक में निर्देश दिया गया कि राजस्व के अविवादित नामांतरण, सीमांकन और बटांकन कोई भी प्रकरण पेंडिंग न रहे, शत-प्रतिशत निराकरण की कार्यवाही करें तथा हितग्राहियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसका ध्यान रखें। सभी सम्बन्धित विभाग अंतरविभागीय प्रकरण में बैठकर आवश्यक कार्यवाही करें। मुआवजा प्रकरण से सम्बंधित मामलों को 15 दिवस के भीतर निराकृत किए जाने के सर्व तहसीलदारों को निर्देश दिए। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा की। इसके साथ खरीफ फसल बीमा योजना प्रगति, क्षतिपूर्ति, जल जीवन मिशन के कार्य की प्रगति, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत सत्यापन, बेरोजगारी भत्ता सत्यापन, गौठान, रीपा, धनंवतरी मेडिकल स्टोर्स में सस्ती दवाईयों की जानकारियां आम नागरिकों तक पहुंचाने के प्रचार-प्रसार सहित अन्य मामलों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

जुआरियों पर चला पुलिस का डंडा

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 29 अगस्त को पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिरसा तालाब के पास आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहें हैं की सुचना पर पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा स्टाफ पहुंच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर चार जुआडियों को पकड़े। पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में जुआ का 1 प्रकरण दर्ज कर 4 जुआडियों के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं।

बहनों ने पुलिस अफसरों के हाथों में बांधी राखी, लिया सुरक्षा का संकल्प

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी के नेतृत्व में भूमिका मंडल की महिलाओं ने घुमका थाना में जाकर थाना प्रभारी सहित आरक्षकों को राखी बांधकर राखी का पर्व धूमधाम से मनाया, जिसमें सभी बहनों द्वारा पुलिस कर्मियों को राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे, जहां सभी बहनों ने राखी बांधकर सभी बहनों की सुरक्षा का वचन लिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने कहा कि ऐसे आयोजन से पुलिस का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि हम त्योहार पर अपने-अपने घर नहीं जा पाते हैं तो किसी को ऐसा न लगे कि उनकी कलाई सूनी रह गई। इस अवसर पर नूतन साहू, संगीत यादव, शांति निर्मलकर, सरिता साहू, नगीना निर्मलकर, हेमिन लाऊत्रे, अजय ठाकुर, सौरभ, रविन्द्र रामटेके, घुमका थाना प्रभारी टीकाराम पटेल, घुमका स्वास्थ्य केंद्र के डा. एनके टंडन उपस्थित थे।

नशे के सौदागारों पर पुलिस की सख्ती

कवर्धा/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुये जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले में शराब की अवैध बिक्री, परिवहन एवं महुआ शराब बनाने वालो पर कार्यवाही शुरू कर दी है। कवर्धा विकासखंड के पिपरिया तहसील अंतर्गत ग्राम जैतपूरी और धनौरा में संयुक्त टीम ने शराब की अवेध बिक्री पर लगाम लगाते हुवे 03 कोचियों पर कार्यवाही की है। जैतपुरी और धनौरा में पिछले लंबे समय से शराब की अवैध बिक्री की सूचना मिल रही थी। एसडीएम श्री पीसी कोरी और आबकारी विभाग के संयुक्त टीम ने ग्राम जैतपुरी में लोमस कश्यप और नरेंद्र कश्यप के पास से 5 पेटी देशी शराब जप्त की। इसी प्रकार ग्राम धनौरा में राजेश बंजारे के पास से 50 नग देशी शराब जप्त किया गया।

रात 10 बजे रायपुर पहुंचे शाह

देर रात तक चली कोर कमेटी की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने तय समय से करीब 3 घंटे देरी से रात करीब 10 बजे रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट से सीधे वे बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचें।

आते ही शाह ने सबसे पहले कोर कमेटी की बैठक ली। जो देर रात तक चली। इसमें चुनावी रणनीतियों को लेकर चर्चा की गई। सूत्रों की मानें तो साथ ही प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट और घोषणा पत्र पर भी चर्चा हुई। इससे पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक अमित शाह 6 बजकर 40 मिनट पर रायपुर एयरपोर्ट पहुंचने वाले थे लेकिन किन्हीं कारणों से अब शाह ढाई घंटे देरी से आएंगे। बैठक में प्रदेश बीजेपी प्रदेश और चुनाव प्रभारी ओम माथुर, राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी मनसुख मांडविया, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, बीजेपी के प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी और विजय शर्मा समेत कई और नेता शामिल रहे।

हॉकी स्पर्धा... बालिका वर्ग में रानी दुर्गावती व बालक वर्ग में आजाद टीम ने जीता खिताब

बेरला/नवप्रदेश। जिला हॉकी संघ बेमेतरा के तत्वावधान में आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव में जिला हॉकी प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार हो हुआ। स्पर्धा का फाइनल मैच बालिका वर्ग में रानी दुर्गावती व बालक वर्ग में आजाद टीम ने खिताब पर कब्जा कर लिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, अध्यक्षता बेरला जनपद अध्यक्ष हीरा देवी वर्मा व जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय पारख, बारगांव की सरपंच धनेश्वरी चंदेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला जयप्रकाश कर्माकर, बीआरसी बेरला खोमलाल साहू बतौर अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विधायक आशीष छाबड़ा ने विजयी प्रतिभागियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा के दम पर प्रदेश व देश स्तरीय खेल में भी प्रतिभाग करने का अवसर मिलता है। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय पारख ने कहा कि जैसे जीवन में सुख-दुख आने पर व्यक्ति एक समान रहता है। उसी तरह खेल में भी हार जीत होता रहता है। हारे हुए खिलाड़ियों को कभी हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। फाइनल मैच में बालिका वर्ग के रानी दुर्गावती टीम व मदर टेरेसा टीम के बीच मैच हुआ, मैच काफी रोमांचक रहा और मैच ड्रा हो गया।

उसके बाद पेनाल्टी स्ट्रोक में भी ड्रा हो गया। इस मैच का फैसला पैनाल्टी शूटआउट के पद्धति से रानी दुर्गावती टीम ने 4 के मुकाबले 5 गोल से जीत दर्ज कर फाइनल का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं फाइनल मैच बालक वर्ग के आजाद टीम व टैगोर टीम के मध्य खेला गया। इस मैच में आजाद टीम ने टैगोर टीम को 1-0 से परास्त किया। आजाद टीम के तरफसे विक्की यदू ने गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाया। मैच के निर्णायक राजनांदगांव के अम्पायर किशोर धीवर और हेमंत सोनवानी रहे। बेरला जनपद अध्यक्ष हीरादेवी वर्मा के तरफ से दोनों वर्ग के विजेता टीम को ट्राफी दिया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विजय पारख द्वारा टीशर्ट दिया गया। हाईस्कूल के व्याख्याता महेश बंधे के तरफ से दोनों वर्ग के विजेता को मैडल दिया गया। छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी एवं सचिव मनीष श्रीवास्तव ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

रामायण विवि का भूमिपूजन आज

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का प्रथम रामायण विश्वविद्यालय का आज शनिवार को धार्मिक आयोजनों और धर्म संस्कृति का गढ़ कहे जाने वाला भाटापारा क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर में भूमिपूजन होने जा रहा है।जो सनातन के प्रसार और शैक्षणिक माध्यम से नई पीढ़ी को धर्म संस्कृति के साथ जोड़ने और रोजगार मूलक शिक्षा के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं बौद्धिक कार्य को एक सशक्त मंच प्रदान करने वाला होगा। रामायण विश्वविद्यालय अपने आप में अनूठी और विश्व की ऐसी प्रथम शैक्षणिक संस्था होगी जिसमें धर्म भी होगा अध्यात्म भी होगा ,रोजगार मूलक शिक्षा भी होगा साथ ही साथ विश्व स्तर पर इस विश्वविद्यालय का शैक्षणिक अनुबंध भी होगा जिससे प्रतिभाओं को विश्व पटल पर मंच मिल सकेगा ।

जुआ ,सट्टा ,शराब, हत्या, चोरी सहित बढ़ रहे आपराधिक मामले

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में लगातार आपराधिक मामले बढ़ते ही जा रहे हैं इसके साथ ही अवैध शराब की बिक्री भी जमकर हो रही है । हम आपको बता दे की वर्तमान समय में पिपरिया से एक घटनाक्रम निकाल कर सामने आया जिसमें कुछ लोगों ने डंडे से पीट कर एक की हत्या कर दी । वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है इसके साथ ही कबीरधाम जिले में इन दिनों जमकर अवैध शराब की बिक्री बढ़ी हुई है। जुआ, सट्टा, गांजा, जैसे मामले भी लगातार सामने आते दिखाई दे रहे हैं । पिपरिया के ग्राम कान्हा भैरा में गेंदराम यादव को बड़े बगीचा में सुरेश चन्द्रवंशी, नरेश चन्द्रवंशी, सुनील चन्द्रवंशी, जितेन्द्र चन्द्रवंशी, बलदाउ चन्द्रवंशी, विक्की चन्द्रवंशी, द्वारा लाठी डंडा से मारपीट किये है। जिसे ईलाज हेतु जिला अस्पताल लेकर गये है। कि सूचना प्राप्त होने पर जिला अस्पताल कवर्धा में जाकर आहत गेंदराम यादव पिता अनुस राम यादव उम्र 53 साल साकिन कान्हाभैरा थाना पिपरिया जिला कबीरधाम (छ0ग0) से पूछताछ में दिनांक 29.08. 23 को गेंदराम द्वारा बताया गया कि मैं अपने पशुओं को चराने के लिये ग्राम कान्हाभैरा के बड़े बगीया के तरफ से गया था पशुओं को चराकर करीबन 12:00 बजे खाना खाने के लिये अपने घर आ रहा था, बड़े बगीचा बिही बाडी के पास पहुंचा तभी गन्ना खेत तरफ से आरोपी सुरेश चन्द्रवंशी, नरेश चन्द्रवंशी, सुनील चन्द्रवंशी, जितेन्द्र चन्द्रवंशी, बलदाऊ चन्द्रवंशी, विक्की चन्द्रवंशी द्वारा हाथ में लाठी डंण्डा टांगिया घन लेकर निकले और प्रार्थी को पुरानी रंजिश की बात को लेकर जान से मारने की धमकी देकर एक राय होकर मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज करते हुए हत्या करने के नियत से प्राणघातक चोट पहुंचाया है। बताये जाने पर जिला अस्पताल कवर्धा में देहाती नातसी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रार्थी के ईलाज दौरान मृत्यु हो जाने से प्रकरण में धारा 302, भादवि जोड़ा गया है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

निविदा सूचना

क्रमांक / लो.क.वि. / जोन-4 /2023/811/280 भिलाई, दिनांक 28/8/23

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निमार्ण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत (राशि रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड किए जाने की अंतिम तिथि
1	145398	जोन-4 अंतर्गत वार्ड-38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51 के अंतर्गत सार्वजनिक मंच, सामुदायिक भवन, ग्राउंड प्रकाश व्यवस्था, उद्यान, नाली एवं सीमेंटीकरण नवीनीकरण कार्य।	190.00	15.09.2023

निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जायेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी संचालनालय की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in में भी देखी जा सकती है।
(घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।)

जोन आयुक्त

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- राजनांदगांव (छ.ग.)

ऑनलाइन प्रथम निविदा सूचना क्रमांक 64

क्रमांक 2968 व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2023-24 राजनांदगांव दिनांक 29.08.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन ई-निविदा दिनांक 13.09.2023 तक आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
आदिवासी कंवर समाज सामुदायिक भवन निर्माण प्रथम तल पर रेवाडीह राजनांदगांव जिला राजनांदगांव	49.05

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 30.08.2023 से देखी जा सकती है। चूंकि निविदाएं आनलाईन 13.09.2023 तक प्रस्तुत की जानी है अतः अमानत राशि सत्यानिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोष्ट के माध्यम से इस कार्यालय में दिनांक 14.09.2023 को कार्यालयीन समय शायं 5.30 बजे तक पहुचना अनिवार्य है। निर्धारित समय पश्चात् प्राप्त होने वाले दस्तावेजों को मूल्यांकन प्रक्रिया में सम्मिलित नही किया जावेगा।

जी-04826/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/370/स्वा.वि.मुख्या./न.पा.नि./2023 दिनांक 01/09/2023

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा संचालित पशु चिकित्सालय (श्वान बधियाकरण केन्द्र में शल्यक्रिया एवं टीकाकरण) कार्य हेतु दवाईयां एवं अन्य सामाग्री क्रय हेतु निविदा तीन लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट के माध्यम से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	आगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	फार्म
1	श्वान बधियाकरण/टीकाकरण हेतु औषधि (दवा) क्रय	3,80,800/-	11500/-	750/-	C

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें :-
1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की तिथि 01.09.2023 समय 11.00 बजे
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि 15.09.2023 समय सायं 4.00 बजे
3. निविदा जमा करने की तिथि 20.09.2023
4. निविदा खोलने की तिथि 21.09.2023 निविदाकारों/ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समय सायं 4.00 बजे निविदा खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करने वाले दस्तावेज निम्नानुसार है :-

लिफाफा 'अ' में
1. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के पदनाम से अमानती राशि का FDR 2. शपथ पत्र 3. दवा विक्रेता का अधिकृत लायसेंस 3. गुमास्ता लायसेंस 4. PAN CARD 4. 3 साल का ITR एवं 3 माह का GSTR की प्रति व GST रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति संलग्न करें।

लिफाफा 'ब' में
1. निविदा प्रपत्र

लिफाफा 'स' में
लिफाफा अ+ब को भरकर स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करना होगा।
उपरोक्त कार्य से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी एवं निविदा शर्तें कार्यालयीन समय में निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 111 से प्राप्त की जा सकती है।
टीप :- निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि में किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है तो वह अगले कार्य दिवस में होगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर को होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

स्वास्थ्य अधिकारी
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 28.08.2023

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है।

एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
NIT NO. 154 Tender No.145830	जिला गरियाबंद के अनुविभाग क्र.-2 देवभोग अंतर्गत विभिन्न मार्गो एवं पुल पुलियों का साधारण रख-रखाव कार्य ।	रू. 30.00 लाख	11.09.2023 (द्वितीय आमंत्रण)
NIT NO 155 Tender No. 145832	जिला गरियाबंद के अनुविभाग क्र.-2 देवभोग के उपखंड मैनपुर अंतर्गत विभिन्न मार्गो एवं पुल पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य ।	रू. 30.00 लाख	
NIT NO156 Tender No.145833	बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत का कार्य।	रू. 39.40 लाख	19.09.2023 (प्रथम आमंत्रण)

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नाम ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-04775/2

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल-2 (छ.ग.)
आपकी इच्छा थी, हमने रास्ता बना दिया

प्रथम पृष्ठ का शेष...

चंद्रयान मिशन की तरह ही ...

समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण यानी साइंटिफि क टेंपर का निर्माण हो सके। यह संविधान के मूल कर्तव्यों में शामिल है। मुझे खुशी है कि इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। यहाँ ऐक्सलरेटर आधारित रिसर्च सेंटर भी स्थापित की गई है। अपने अनुसंधान से यह विश्वविद्यालय दुनिया में अपनी पहचान बनाएं। जो देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी को अपनाने में आगे रहेंगे, वे ज्यादा तरक्की करेंगे। हमारे स्पेस मिशन में हमें दुनिया से कुछ असहयोग का सामना भी करना पड़ा, फिर भी हम दृढ़ता से बढ़ते रहे।

'इंडिया' गठबंधन ने ...

अली खान, जेडीयू से ललन सिंह, जेएमएम से हेमंत सोरेन, सीपीआई से डी राजा, नेशनल कांफ्रें स से उमर अब्दुल्ला और पीडीपी से महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। सीपीआईएम के नेता का नाम नहीं बताया गया जिन्हें कमेटी में शामिल किया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया ने लोकसभा चुनाव-2024 साथ मिलकर लड़ने का भी संकल्प लिया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, इंडिया गठबंधन में शामिल दलों एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ने का संकल्प लिया।

भोजली त्यौहार मनाया गया

नवागढ़/नवप्रदेश। नवागढ़ नगर सहित अंचल में भोजली का त्योहार गुरुवार को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। भोजली मित्रता का प्रतीक है। प्राचीन काल से छत्तीसगढ़ में भोजली देकर मित्रता को प्रगाढ़ करने की परंपरा है। लोकगीत व भोजली विसर्जन के दौरान महिलाएं सामूहिक रूप से गीत गाती हैं, जिसे भोजली गीत कहते हैं। रक्षाबंधन के दूसरे दिन गुरुवार को भोजली का पर्व नवागढ़ शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में शारीरिक दूरी के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति का निर्वाह करते लोगों ने मितान बदकर सीताराम भोजली कहकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। सर्वप्रथम सुकूलपारा में नगर प्रधान विकास धर दीवान के निवास में भोजली का पूजा अर्चना किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

शराबी ने ली मां की जान, गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। अपनी ही मां की लकड़ी से बार कर उसकी हत्या करने के आरोप में ग्रामीण पुलिस ने ग्राम अर्जुनी निवासी शराबी पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पाटले ने बताया की अर्जुनी निवासी प्रार्थी पुनीतराम वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30.अग.2023 को दोपहर करीबन 2.00 बजे महेश रजक कही से शराब पीकर आया था और अपनी मां दुलारी बाई से झगडा लडाई मारपीट कर रहा था तभी प्रार्थी और रामनारायण वर्मा समझाने गये तो महेश रजक चुल्हा में पडे पुरानी जली हुई लकडी को उठाकर अपनी मां दुलारी बाई की हत्या करने की नियत से उसके सिर ,माथा,चेहरा में मारा जिससे दुलारी बाई वही जमीन पर गिर गयी जिसे प्रार्थी और रामनारायण उठाने के लिए दौडे उसी वक्त सुनीता रजक भी आयी । हालात की गंभीरता को देख दुलारी बाई को ईलाज हेतु सुनीता रजक ,श्याम बाई रजक, राजू रजक जिला अस्पताल बलौदाबाजार लेकर गये थे जहां डाक्टरों ने उसे चेक कर मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट पर धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा भौतिक साक्ष्य के आधार पर आरोपी महेश रजक को गिरप्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

किसान न्याय योजना में खरीफ की फसलों का पंजीयन

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में खरीफ वर्ष 2023 में बोये जाने वाले विभिन्न फसलो का एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जिसके लिए राजीव गाँधी किसान न्याय योजनांतर्गत पूर्व वर्ष के पंजीकृत कृषकों को सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से पोर्टल पर मैन्युअली कैरी फारवर्ड किया जावेगा। योजना में नवीन पंजीयन, फसल रकबे में संशोधन एवं व्यक्तिगत जानकारी में संशोधन कार्य का कार्य सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किया जावेगा। कृषकों के पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज - ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन संबंधित समितियों में जमा करना होगा। जमा किये गए आवेदन/दस्तावेजों के आधार पर एकीकृत किसान पोर्टल पर कृषकों का पंजीयन सेवा सहकारी समिति के आई.डी. के माध्यम से किया जायेगा। पोर्टल पर पंजीयन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2023 निर्धारित की गयी है।

भोजली महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

भाटापारा/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज व आदिवासी युवा प्रभाग के द्वारा जिला स्तरीय भोजली महोत्सव का कार्यक्रम दशहरा मैदान में हुआ जिसमे इस जिले के अलावा अन्य जिले के माताएं सावन पूर्णिमा का व्रत रखकर हजारों की संख्या में भोजली लाया गया। सभी व्रतधारी माताएं भोजली धारण करने के पश्चात हजारों की संख्या में मुख्य मार्ग होते हुए नगर भ्रमण कर गंगा स्नान हेतु खोरसी नाला ले जाया गया ।लगभग 2 किलोमीटर तक रैली के रूप में युवा -युवती अपने पारंपरिक वेशभूषा के साथ भोजली माता का जय घोष करते हुए वह अपनी रीति रिवाज व संस्कृति अनुरूप थिरकते रहे उक्त भोजली महोत्सव में आदिवासी समाज के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में जिले के आदिवासी समाज व आदिवासी युवा प्रभाग के समस्त पदाधिकारी गण एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ की उपस्थिति आदिवासी समाज के लिए एकता की मिसाल बनी। मंच व रैली का संचालन दौलत कुंजाम के द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम में आदिवासी समाज मौली महासभा के अध्यक्ष बंसी लाल नेताम अध्यक्षता आर. एन ध्रुव, गणेश ध्रुव, टेकसिंग ध्रुव,श्रीराम, एल. एस ध्रुव मुरीत, पुना राम, मेम सिंह, गजेंद्र कतलम, हनुमंत, राजकुमार, टीका राम, हेमन्त ठाकुर, गीता मरकाम, अनुज मंडावी, खुमान सिंह, रामायण व बलौदा बाजार भाटापारा क्षेत्र के समस्त गांव के रायपंच उपस्थित थे।

रक्षाबंधन पर भाई बनकर पहुंचे समाज सेवी छगन यादव

गरियाबंद/नवप्रदेश । रक्षाबंधन ऐसा पर्व है जहां भाई की कलाई सुनी न रहे और हर बहन को राखी बांधने कलाई मिले इसकी सभी कामना करते है। इसे देखते हुए नगर के समाज सेवी छगन यादव ने अपने वार्ड के उन बहनो और वृद्धजनों से रखी बँधवाई जिन बहनो के भाई नहीं रहे या किसी वजह से उनके भाई शहर से बाहर है। ऐसी कई बहनो ने बुधवार छगन को राखी बांधी। इनमें से एक कुंडों बाई यादव ने बताया कि उनका भाई अब दुनिया में नही है, रक्षाबंधन में वे उसे याद कर दुखी रहती थी पर अब छगन उनके यहां राखी बंधवाने आता है, उसकी देखरेख करता है, अपने भाई की कमी महसुस नही होने देता। वही 85 वर्षीय कमला बाई यादव ने बताया उनका और वार्ड की कई महिलाओ के भाई शहर से बाहर रहते है, ऐसे में छगन कलाई में राखी बांधकर इस पर्व और परम्परा को निभा रहे है। हम सभी बहने यही चाहते हैं कि वह हमेशा स्वस्थ रहें और शहर की सेवा करते रहें। इधर समाज सेवी छगन ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हे कई बहिने मिली है जो उनकी कलाई में राखी सजाती है, उनके लिए दुआ करती है। वही उन्हे उनकी सेवा का अवसर मिलता है। छगन ने मार्मिक रूप से कहा कि रक्षाबंधन में ना किसी भाई की कलाई सुनी रहे और ना ही कोई बहन भाई की कलाई में राखी बांधने से वंचित रहे।

रवेली और जेवड़न सेक्टर के 9 गांव में लगेंगे हाई मास्ट

■ **ग्राम के चौक चौराहे अब रात में भी होंगे रौशन**

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा विधायक व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की मार्गदर्शन, क्रेडा के सदस्य कन्हैया अग्रवाल के प्रयास तथा रवेली व जेवड़न सेक्टर के प्रभारी शसुधीर दुबे के पहल से विधानसभा कवर्धा के ग्राम रामहेपुर खुर्द, सुरुजपुरा, लखनपुर खुर्द, बिजई, जेवड़न खुर्द, बांझीमौहा, बटुराकछार, सुखाताल, व ग्राम खैरीपार में हाई मास्ट लाइट लगाने की स्वीकृति मिली। संबंधित विभाग (क्रेड़ा) के द्वारा विगत दिनों उपरोक्त प्रत्येक ग्रामों में जाकर स्थल चयन का काम पूर्ण कर लिया गया।

जल्दी इन सभी ग्रामों में हाई मास्ट लाइट लग जाएगा जिससे गांव के चौक चौराहे अब रात में भी लाइट के प्रकाश से प्रकाशित रहेंगे। इसके पूर्व में भी रवेली व जेवडन सेक्टर के विभिन्न ग्रामों में मंत्री मो. अकबर के द्वारा हाई मास्ट लाइट लगवाया जा चुका है। इसके आलावा गांव के विकास हेतु कैबिनेट मंत्री के द्वारा अनेकों निर्माण कार्य स्वीकृत कराए गए जिसमें पक्का नाली निर्माण,सी सी रोड निर्माण, आंगनबाड़ी,स्कूल भवन, पुलिया निमार्ण,स्टापडेम, रिटर्निंग वाल सहित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य जो कि आज लगभग बनकर तैयार भी हो चुका है और इस क्षेत्र के विकास की एक नई गाथा भी गा रहा है। मंत्री मो. अकबर भाई को इस क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने धन्यवाद ज्ञापित किया है जिनमें प्रमुख रूप से प्रदेश प्रतिनिधि मोहेन्द्र शाह, सत्येन्द्र वर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, मणिकांत त्रिपाठी जोन प्रभारी, किरण शर्मा अध्यक्ष जन सम. निवा.प्रकोष्ठ, पंचू कोसरिया जनपद सदस्य, वाल्मिकी वर्मा अध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा, मनोज चंद्रवंशी सोसायटी अध्यक्ष सोनबरसा, सूर्या चंद्रवंशी सोसायटी अध्यक्ष लखनपुर खुर्द, शेखर चंद्रवंशी पूर्व सरपंच, कौशल जायसवाल बूथ प्रभारी, इंद्रा दास बंजारे सह सचिव ब्लाक कांग्रेस, कोमल चंद्रवंशी,खेलावन यादव बूथ प्रभारी, प्रदीप चंद्रवंशी बूथ प्रभारी, मुकेश चंद्रवंशी बूथ प्रभारी, अशोक नवरंग बूथ प्रभारी सहित ग्रामवासी रहे।

पूरे प्रदेश में विकास कार्य अवरूद्ध : शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक शिवरतन शर्मा ने महासती वार्ड में बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। शिवरतन शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में विकास कार्य अवरूद्ध हो गये है, निर्माण का काम बंद हो रहे हैं। प्रगति के स्वरूप की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़ पिछले 15 सालों में विकास की गति पर चल रहा था। जो पूरी तरह इन पौने 05 सालों में रुक सा गया है,भाजपा सरकार द्वारा चालू किए गए काम ही अभी तक चल रहे हैं। दूसरी ओर प्रदेश की गरीब जनता को मिलने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन के तहत घर-घर नल से मीठा पानी सहित केंद्र सरकार की योजना कांग्रेस सरकार की नाकामी के कारण भाटापारा विधानसभा सहित छत्तीसगढ़ में दम तोड़ रही है। विधायक शर्मा ने कहा शांति का टापू कहे जाने वाला छत्तीसगढ़ भुपेश बघेल के कार्यकाल में चोरी, डकैती, जुआ, सट्टा, मर्डर ये छत्तीसगढ़ की पहचान बन गया है।

तुकाराम के नेतृत्व में सीएम का संदेश लेकर निकली जनआशीर्वाद यात्रा

■ **यात्रा को लेकर युवाओं में दिखा जोश, पहले दिन से ही ग्रामीणों का मिल रहा सहयोग**

■ **घर-घर दिया जा रहा मुख्यमंत्री का संदेश, आयोजित की जा रही नुक्कड़ सभाएं**

कवर्धा/नवप्रदेश। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी के नेतृत्व में गुरूवार को जिले के विधानसभा पंडरिया के ग्राम ठाठापुर में स्थित भगवान राम मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री संदेश एवं जनआशीर्वाद यात्रा का आगाज ग्राम ठाठापुर से किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सहित ग्रामीणजन शामिल हुए। हांथों में झंडा, बैनर, पोस्टर लिए यात्रा में शामिल इन लोगों का उत्साह व जोश देखते ही बन रहा था। यात्रा के संबंध में तुकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि यात्रा अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के गृह ग्राम ठाठापुर से प्रारंभ की गई है। उन्होने बताया कि यात्रा पहले दिन ठाठापुर से दानीघठोली, गैंदपुर, रूसे, सिंघौरी, गोरखपुर से होकर गुजरी जहां नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया और ग्रामीणों को प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्रदेश में पुनः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। श्री चन्द्रवंशी ने यात्रा के दौरान गांवों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2018 के चुनाव में जिले व प्रदेशवासियों ने कांग्रेस पर भरोसा जताया था और प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा की भ्रष्ट, जनविरोधी, किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंका था। वर्ष 2018 के चुनाव में जिले व प्रदेशवासियों ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ कांग्रेस का चुनाव किया था प्रदेश की भूपेश सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में उन उम्मीदों और भरोसे पर पूरी तरह से खरी उतरी है। भूपेश सरकार ने अपने चुनावी वायदे के अनुरूप सत्ता संभालने के साथ ही किसानो का कर्ज माफी किया, किसानो की आय में बढ़ोत्तरी करने के लिए धान का समर्थन मूल्य और रकबा में वृद्धि कर किसानो की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य किया है।

साहू समाज की महिलाओं ने पुलिस जवानों को बांधा रक्षासूत्र

■ **चौक चौराहे में काम करने वाले मजदूरों, फुटकर व्यवसायियों को भी बांधी राखी**

गरियाबंद /नवप्रदेश- रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर साहू समाज की महिलाओ ने बुधवार को सीटी कोतवाली थाना पहुँची पुलिस जवानो को रक्षासूत्र बांधा और उनके स्वस्थ्य दीर्घायु जीवन की कामना की। इसके अलावा महिलाओ ने बाजार, बस स्टैण्ड सहित नगर के विभिन्न चैक चैराहो में काम करने वाले मजदुरो और फुटकर व्यवसायियो को भी रक्षासूत्र बांधकर उनके सुखद जीवन की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन साहू संघ के जिलाध्यक्ष नारायण साहू, उपाध्यक्ष श्रीमति मिलेश्वरी साहू, महासचिव नेहरू साहू के मार्गदर्शन तथा महिला प्रकोष्ठ संयोजिका श्रीमती पुष्पा साहू व महामंत्री श्रीमती तनु साहू के नेतृत्व में किया गया था। इधर सीटी कोतवाली थाना में

मौजुद पुलिसकर्मी अचानक राखी बांधने पहुँची महिलाओ को देखकर भावुक नजर आए। हालाकि सभी उत्साह के साथ राखी बंधवाई और अपने बहनो को याद भी किया। मालूम को त्यौहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुलिस के अधिकांश जवान अपने घर परिवार से मिलने से वंचित रह जाते है। दूरस्थ जिले वाले तो महिनो नही मिल पाते है। इसे देखते हुए साहू संघ की महिला प्रकोष्ठ ने तय किया कि रक्षाबंधन के इस पर्व में किसी भाई की कलाई सुनी नही रहनी चाहिए।

सुबह एकजुट होकर सभी सीटी कोतवाली थाने पहुँची। यहां एक एक पुलिस जवानो की आरतीकर, चंदन तिलक लगाया, रक्षासूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा कराया और दीर्घायु जीवन की कामना की।

4 सितम्बर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है। उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय परिसर में 04 सितम्बर सोमवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिव शक्ति बायो टेक्नोलॉजिस्ट लिमिटेड, प्रथम तल, जयप्रकाश काम्प्लेक्स, तेलीबांधा पुलिस स्टेशन के सामने, तेलीबांधा चौक, रायपुर द्वारा पद सेल्स रिप्रेसेन्टेटिव के 25 पद (न्यून.शैक्ष.यो. 12वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेतन रूपए 10,000-14,000, आयुसीमा 21-32 वर्ष, कार्यक्षेत्र कवर्धा, स.लोहारा, सिल्हाटी, महराजपुर, जिला कबीरधाम) पर भर्ती किया जाएगा। यह प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। जिला रोजगार अधिकारी श्री प्रमोद जैन ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य के लिए किया जाता है। चयन संबंधी कार्यवाही नियोजक द्वारा ही किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य विस्तृत जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

13 सितंबर तक वजन त्यौहार का आयोजन

■ **जीरो से लेकर 6 वर्ष तक के 1.25 लाख बच्चों का लिया जायेगा वजन**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बच्चों के पोषण स्तर ज्ञात करने के लिए कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले में 01 से 13 सितंबर तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जायेगा। वजन त्यौहार में जिले के 0 से 06 वर्ष तक के 01 लाख 25 हजार से अधिक बच्चों का वजन लेकर बच्चों के पोषण स्तर का ज्ञात किया जायेगा। इस हेतु कलेक्टर द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम् से कलस्टर एवं तिथिवार कार्ययोजना तैयार

कर अलग-अलग आंगनबाड़ी केन्द्रों में अलग-अलग वजन कराने के निर्देश दिये है।

उल्लेखनीय है कि बच्चों का पोषण स्तर ज्ञात करने के लिए वर्ष 2012 से वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में वजन त्यौहार का आयोजन 1 से 13 अगस्त के बीच प्रस्तावित था। जिसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मतदाता सूची कार्य मे लगे होने के कारण इसे स्थगित किया गया था। वजन त्यौहार कराने के लिए बच्चों के पालकों को आमंत्रण दिया जायेगा तथा बच्चों के पालक व समुदाय के समक्ष वजन लेकर बच्चों के पोषण स्तर का रिपोर्ट तैयार किया जायेगा। वजन त्यौहार कराने के लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर दल का गठन किया जायेगा,जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, वार्ड पंच व निगरानी समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। छोटे बच्चों का वजन इलेक्ट्रॉनिक मशीन से तथा 02 वर्ष के व बड़े बच्चों का वजन सॉल्टर मशीन से लिया जायेगा। वजन त्यौहार में बच्चों की उंचाई माप कर सॉफ्टवेयर में एण्ट्री कर पोषण स्तर ज्ञात किया जायेगा।

भगवान श्रीराम को सबसे ज्यादा साथ आदिवासी समाज ने हीं दिया: शिवरतन

भाटापारा/नवप्रदेश। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़,विधायक शिवरतन शर्मा ने भाटापारा विकासखंड के ग्राम बिटकुली में विश्व आदिवासी परब (तिहार) कार्यक्रम के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम जी के वन गमन के समय राक्षसों के विनाश, राम सेतु निर्माण से लेकर रावण वध तक वनवासियों-आदिवासियों ने पग-पग में भगवान का साथ दिया था। वनवासी भगवान श्री राम के प्रिय थे, पर आज कुछ विघ्न संतोषी तत्व आदिवासी समाज को दिग्भ्रमित कर अपनी रोटी सेकने में लगे हैं। विधायक शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि शहीद वीर नारायाण सिंह ने अपने प्राणों की आहुति छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य के लिए दी है.वे यहां के माटीपुत्र गरीब-आदिवासियों को उनका हक दिलाने संघर्ष करते रहे.अंततः माँ भारती के उस सपूत को फांसी के फंदे पर झूलना पड़ा.आज आवश्यकता है कि नई पीढ़ी उनको जाने और समझे.वे उनकी सवेदनशीलता को महसूस करें,कि एक व्यक्ति अपने देश,समाज के लिए किस तरह त्याग करता है यहां तक की वह प्राणों की परवाह नही करता.ऐसे महापुरुषों की बदौलत हम आज आज़ादी की जिन्दगी जी रहे है.आज हमे अपने देश के लिए प्राण देने की आवश्यकता नही है परन्तु देश के लिए सही ढंग से जीने की आवश्यकता है,देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है ताकि माँ भारती की सेवा करते हुए उसके वैभव को शिखर तक पहुंचाया जा सके.

खेलकूद | बारगांव में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

आजाद टीम 3-0 व मदर टेरेसा टीम 5-0 से की जीत दर्ज

बेरला/नवप्रदेश। जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता बारगांव के हायरसेकेंडरी स्कूल के मैदान में आयोजन किया जा रहा है।

हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव के प्राचार्य तीक्ष्ण साहू प्रतिभागी खिलाड़ियों से कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। एक-दूसरे में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है। वहीं जिला स्तरीय हॉकी खिलाड़ियों व पूरी टीम को छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी व सचिव मनीष श्रीवास्तव ने बधाई दी है।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को बालक वर्ग के आजाद टीम ने शिवाजी टीम को 3-0 से पराजित किया। आजाद टीम के तरफसे पहला गोल उमेश यदू, दूसरा गोल सतीष निषाद व तीसरा गोल फिर उमेश यदू ने किया।

वहीं गुरुवार को आयोजित बालिका वर्ग में मदर टेरेसा ने अहिल्याबाई टीम को 5-0 से हराया। मदर टेरेसा टीम से तनु मनियारी 2 गोल, मानसी साहू 2 गोल व निधि पाटिल 1 गोल की। टेबल स्कोर इसराफिल व तपेश कुमार ने किया। इस दौरान शिक्षक श्याम सिंह, देवधर देवांगन, हिमाचल साहू, श्यामसुंदर साहू, दौलत साहू, संजय बंछोर, हरीश साहू, भीष्म देव साहू, महेश बंधे, भीषम साहू, पूर्णिमा साहू, डीजी रानी साहू, अंकित यादव, अंगद देवांगन, जयश्री यादव, दुर्गा यदू, संकुल समन्वयक बारगांव सुरेंद्र पटेल, प्रधानपाठक राजेश यादव, रामखेलावन निषाद, तेन सिंह वर्मा, भरत वर्मा, साबिर अली, रामायण ध्रुव, शुभम वर्मा, अमरदास चंदेल, शंकर साहू, हेमसिंह साहू, प्रकाश चंद साहू सहित स्कूल स्टाफउपस्थित रहे।

तीसरे स्थान पर बालक वर्ग से अशोका और बालिका वर्ग से सरोजिनी नायडू टीम जीती

हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव में गुरुवार को तीसरे स्थान के लिए शाम 3 बजे बालक वर्ग व शाम 4 बजे बालिका वर्ग के बीच मैच खेला गया। बालक वर्ग के अशोका व शिवानी टीम के बीच मैच खेला गया, इसमे अशोका टीम ने शिवानी टीम को 2-0 से परास्त किया। अशोका टीम से पहला गोल गजेंद्र साहू व दूसरा गोल हिमांशु विश्वकर्मा ने किया। वहीं तीसरे स्थान के लिए बालिका वर्ग के सरोजनी नायडू व अहिल्या बाई टीम के बीच मैच ड्रा रहा। इसके बाद पेनाल्टी स्ट्रोक में सरोजनी नायडू टीम ने अहिल्या बाई टीम को 2-0 से पराजित किया। गुरुवार को हॉकी के रोमांचक मुकाबलों का लुत्फउठाने के लिए हॉकी खेल प्रेमियों की भारी भीड़ रही।

कोच तुलसी के आने से हॉकी के प्रति बढ़ा रुझान

हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का यह पहला आयोजन है। आयोजक जिला हॉकी संघ बेमेतरा है। भाजपा बेमेतरा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने बताया कि जब से हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव में खेल कोच व जिला हॉकी संघ के सचिव तुलसी साहू की नियुक्ति हुई है, तब से बारगांव स्कूल को हॉकी खिलाड़ियों के नाम से जाना जाता है। साथ ही यहां के छात्र-छात्राओं में हॉकी के प्रति इतना जुनून है कि अब 70 से भी ज्यादा बच्चे सुबह-शाम खेल कोच तुलसी साहू से प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह बारगांव स्कूल के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

बिन्द्रानवागढ़ में जीत की हैट्रिक लगा चुकी बीजेपी, कांग्रेस को खाता खुलने का इंतजार!

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले की बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी जीत की हैट्रिक लगा चुकी है। ये सीट एसटी के लिए आरक्षित है। बिन्द्रानवागढ़ में 2018 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के डमरूधर पुजारी ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने यहां कांग्रेस के संजय नेताम को 10 हजार 430 वोटों से मात दी थी। कांग्रेस इस सीट को बीजेपी से छीनने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा शुरू से ही कांग्रेस विरोधियों का गढ़ रहा है। सिर्फ 3 मौकों को छोड़ दें, जिसमें 1962 में इस विधानसभा से खाम सिंह कोमरा झोपड़ी के चिन्ह पर चुनाव लड़ा। 1967 में फिर से खाम सिंह कोमरा ने जनता पार्टी से प्रतिनिधित्व किया। वहीं 1972 मे रानी पार्वती देवी ने निर्दलीय प्रतिनिधित्व किया। छत्तीसगढ़ बनने के बाद 2003 में ओंकार शाह ने कांग्रेस की टिकट पर इस सीट से प्रतिनिधित्व किया। 2008 में डमरु धर पुजारी ने भाजपा का परचम लहराया। वहीं 2013 में गोवर्धन मांझी ने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 2018 में फिर डमरु धर पुजारी को भाजपा का टिकट दिया गया। भाजपा के डमरु धर पुजारी वर्तमान में इस बिंद्रानवागढ़ विधानसभा सीट से विधायक हैं।

भाजपा के ये संभावित प्रत्याशी

इस सीट पर कांग्रेस-भाजपा में दावेदारों की कमी नहीं है। भाजपा से पांच और कांग्रेस से तीन दावेदार प्रमुख रूप से सामने आए हैं। भाजपा के वर्तमान विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, भागीरथी मांझी, हलमन धुर्वा, बाबा उदयनाथ के नामों पर चर्चा हैं। नए चेहरे के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथी मांझी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य हलमन धुर्वा, बाबा उदयनाथ के नाम चर्चा में हैं। बताते हैं कि भाजपा के पांच दावेदारों ने मैनपुर में पिछले दिनों पर्यवेक्षक पूर्व विधायक पिंकी शाह के सामने दावेदारी प्रस्तुत की है। इसके अलावा भाजपा में ही जनपद पंचायत अध्यक्ष नूरमति मांझी भी टिकट मांग रही है।

डमरूधर पुजारी

संजय नेताम

कांग्रेस में उठापटक जारी

इधर कांग्रेस में टिकट को लेकर जमकर उठापटक है जारी है। इस सीट पर चुनाव लड़ने के लिए जनक ध्रुव, संजय नेताम, लोकेंद्र कोमर्रा ब्लॉक कांग्रेसाध्यक्ष को आवेदन देने के बाद राजधानी में टिकट के लिए जोड़-तोड़ करने में सक्रिय हैं। बता दें कि कांग्रेस जनक ध्रुव और संजय नेताम को टिकट दिया था, लेकिन चुनाव जीतने में दोनों सफल नहीं हुए थे। 2018 कांग्रेस लहर के बावजूद संजय नेताम डमरूधर पुजारी को हराने में नाकाम रहे। ऐसे में कांग्रेस किसी नए चेहरे पर दांव लगा सकती है। लोकेंद्र कोमर्रा शासकीय नौकरी छोड़कर कांग्रेस से टिकट मांग रहे हैं। ऐसे में पार्टी उन पर दांव भी लगा सकती है।

बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के मुद्दे और समस्याएं

बिंद्रानवागढ़ की धरती में हीरा है, उससे भी कई गुना अधिक कई बहुमूल्य खनिज संपदा है। लेकिन अच्छे जनप्रतिनिधि नहीं मिलने के चलते आज भी यह इलाका कई समस्याओं से जूझ रहा है। लोग गरीबी में जीवन जीने मजबूर हैं। यहां बुनियादी सुविधाओं का टोटा है। सिंचाई संसाधनों की कमी के चलते किसान बारिश के भरोसे अपनी खेती करते हैं। वहीं सड़कों की स्थिति इस विधानसभा क्षेत्र में बेहद खराब है। स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए लोगों को रायपुर, गरियाबंद और ओडिशा पर निर्भर रहना पड़ता है। दूसरी ओर इस क्षेत्र में नक्सल समस्या भी अपना पैर पसारे हुए हैं। इस विधानसभा के स्कूलों में सैकड़ों शिक्षकों की कमी है। इस क्षेत्र में हजारों युवक बेरोजगार हैं जिसके चलते यहां के नवयुवक रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं।

पिछले चार विधानसभा चुनाव के परिणाम

2003 के नतीजे	2008 के नतीजे	2013 के नतीजे	2018 के नतीजे
ओंकार शाह कांग्रेस कुल वोट मिले 53209	डमरूधर पुजारी बीजेपी कुल वोट मिले 67505	गोवर्धन सिंह बीजेपी कुल वोट मिले 85843	डमरूधर पुजारी बीजेपी कुल वोट मिले 79619
गोवर्धन सिंह बीजेपी कुल वोट मिले 44413	ओंकार शाह कांग्रेस कुल वोट मिले 50801	जनक ध्रुव कांग्रेस कुल वोट मिले 55307	संजय नेताम कांग्रेस कुल वोट मिले 69189

मतदाताओं पर एक नजर

कुल मतदाता	2,18,107
पुरुष मतदाता	1,07,712
महिला मतदाता	1,10,392
थर्ड जेंडर मतदाता	03

चंदेल बताएं केंद्र सरकार कोल ब्लाक आबंटन को रद्द क्यों नहीं कर रही : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा पत्र लिखकर हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोल खनन के लिए जमीन देने की मांग करना इस बात का प्रमाण है कि भूपेश बघेल की सरकार हसदेव अरण्य में कोल खनन के खिलाफ है। भूपेश सरकार ने 27 जुलाई 2022 को हसदेव अरण्य के पांच कोल ब्लॉक आवंटन निरस्त करने विधानसभा में प्रस्ताव पारित करके केंद्र की मोदी सरकार को भेजा है जो अब तक लंबित है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल बताएं आखिर मोदी सरकार इन कोल ब्लॉक के आवंटन को निरस्त क्यों नहीं कर रही है? मोदी सरकार से राजस्थान सरकार को दी गई कोल ब्लॉक को निरस्त कर दूसरे जगह देने का आग्रह किया जा रहा है। लगातार राज्य सरकार मोदी सरकार से हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोल खनन की अनुमति नहीं देने की मांग कर रही है। लेकिन मोदी सरकार कान में रूई डालकर प्रदेश की जनता की आवाज को अनसुना कर रही है। रमन सरकार के समय आडनी को दंतेवाड़ा जिले की बैलाडीला खदान जिस पर एनएमडीसी का आधिपत्य रहा है उसके 13 डिपॉजिट को सौंप दिया गया था। कोयला खदानों के अलावा अडानी को लोहे की खदान भी दिया गया था। कोल कंपनियों को फ ायदा पहुंचाने के लिए रमन सरकार ने स्टाम्प ड्यूटी में 3000 करोड़ रुपए की छूट देकर राज्य के खजाने को चोट पहुंचा था। वर्तमान में मोदी सरकार एससीईएल के अधीन के 80 प्रतिशत खदानों को आडनी को दे दिया गया। नगरनार संयंत्र को भी अडानी को सौंपने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

छग में बाहरी लोगों को बसा रही सरकार : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ी, छत्तीसगढ़िया और छत्तीसगढ़ीवाद कि बात करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के संरक्षण में छग की डेमोग्राफी को बदलने का काम युध्द स्तर पर किया जा रहा।

उन्होंने कहा कि छग में बड़े तादाद में बाहरी लोगों को, रोहिंगिया मुसलमानों को व बांग्लादेशी मुसलमानों को शहर-शहर, गांव-गांव में बसाया जा रहा है जो शांत छ.ग. के लिए खतरनाक संदेश है। श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने छग को अपराध का गढ़ बना दिया है। सूबे के बाशिंदे भयाक्रांत एवं डरे सहमे हैं। इन्हीं सब कारणों से प्रदेश में चाकूबाजी लूट, हत्या एवं डकैती के अपराध भी तेजी से बढ़े है। राजधानी रायपुर तो अपराध के गढ़, नशा के गढ़ में परिवर्तित हो गया है। पुलिस के सरंक्षण व सवर्धन में अपराधियों का गैंगवार चल रहा है। राजधानी में चाकूबाजी और हत्या रोजमर्रा कि बात हो गई है। पुलिस प्रशासन किस काम में लगी हुई है ये पूरा प्रदेश जानता है।

गायों को नीलाम नहीं होने देंगे : बीजेपी

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर नगर निगम के द्वारा गौठान में रखे गौवंस के नीलामी के लिए निकाले गए आम सूचना का विरोध करते हुए कहा है कि रायपुर नगर निगम गौमाता को कसाइयों के हाथ में बेचने की कोशिश कर रही है। उसका पूरजोर विरोध किया जाएगा। क्या गोबर खरीदने, गौमूत्र खरीदने व गौठानो पर अरबों रुपया खर्च करने का ढिंढोरा पीटने वाली यह सरकार गौ माताओं को गौठानों में रख भी नहीं सकती? उन्होंने कहा है कि गौवंस को किसी भी स्थिति में कसाइयों के हाथों सौपने नहीं देंगे। निगम अगर गाय और अन्य पशुओ को नीलाम करेगी तो उन्हें खरीदने वाला कौन होगा? इसका निर्धारण कैसे होगा कि खरीदने वाला गौमाता को पालेगा या सेवा करेगा। कहीं इस नीलामी के माध्यम से कसाई लोगों का प्रवेश तो नहीं हो जाएगा। इस पर सरकार को चिंतन करना चाहिए। हम साढ़े चार साल से बोल रहे है कि छत्तीसगढ़ सरकार कि गौ सेवा कि सभी योजनाएं असफल हो गई है प्रदेश में गौ सेवा के नाम पर सिर्फ ढोंग हो रहा है। नगर निगम रायपुर के इस नीलामी के माध्यम से सरकार कसाइयों को या गौकसी करने वालो को छत्तीसगढ़ के गायों को सौंपने जा रही है।

भाजपा अपनी परफॉर्मेंस की चिंता करे : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के गुटबाजी के शिकार हुए विष्णु देव साय को कांग्रेस की नहीं बल्कि भाजपा की परफ ॉर्मेंस की चिंता करनी चाहिए। मुद्दाविहीन भाजपा ईडी और सीबीआई के सहारे चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा के पास प्रदेश में ना मुद्दा है ना चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी है भाजपा ने जो 21 प्रत्याशियों की सूची जारी की है उसका भी विरोध बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता कर रहे हैं। विष्णु देव साय को डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडे, बृजमोहन अग्रवाल ने विश्व आदिवासी दिवस के दिन ही पद से हटवा दिया। भाजपा को अपने वर्तमान के 13 विधायकों के परफ ॉर्मेंस के बारे में चिंता करनी चाहिये। कांग्रेस सरकार का परफॉर्मेंस बेहतर है तभी तो प्रदेश में हुए विधानसभा के पांच उपचुनाव नगर निगम के चुनाव नगर पालिका के चुनाव जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है। और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की करारी हार का संकेत बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व को मिल गया है इसीलिए जो भाजपा नरेंद्र मोदी के चेहरा में चुनाव लड़ने का दावा कर रही थी वो अब मोदी का नाम लेने से बच रही है। अमित शाह रात में आकर गुपचुप मीटिंग कर सुबह जनता से दूरी बनाकर वापस चले जाते हैं। भाजपा के द्वारा कराई गई हर सर्वे में भाजपा का परफॉर्मेंस शून्य बता रहा है और विष्णु देव साय कांग्रेस के विधायकों पर सवाल उठाकर अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियां का निर्वहन कर रहे हैं।

कांग्रेस के काले कारनामे जनता को याद है: साव

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी बुकलेट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि देश में पारदर्शी, समावेशी और लोकतांत्रिक शासन प्रणाली की लगभग सभी संभावनाओं को पलीता लगाने वाली कांग्रेस पार्टी द्वारा आज भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जारी किया गया कथित काला चिट्ठा,वैश्विक टुकड़े- टुकड़े गैंग के भारत विरोधी एजेंडे का थोथा, बकवास पूर्ण और देश को बदनाम करने वाला दस्तावेज है. उदीयमान भारत के खिलाफकांग्रेस पार्टी के इस अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र का माकूल जवाब देश की समझदार जनता आने वाले चुनाव में देगी. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भारत के सबसे पुराने राजनीतिक दल होने का खम ठोकने वाली कांग्रेस पार्टी सिर्फमोदी विरोध के नाम पर देश को और कितना नीचा दिखाएगी, यह समझ से परे है।

पद्मश्री उषा बारले और कांग्रेस नेता मेहत्तर वर्मा ने किया भाजपा प्रवेश

दुर्ग/नवप्रदेश। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित श्रीमती उषा बारले को भगवा गमछा पहनाकर भाजपा में प्रवेश दिलाया साथ ही सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन में पाटन विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, वर्ष 2010 से 2021 तक लगातार 11 साल पाटन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे मनवा कुर्मी समाज के पाटन राज के पूर्व राज प्रधान और केंद्रीय सचिव मेहत्तर वर्मा को भाजपा प्रवेश कराया। प्रदेश सह चुनाव प्रभारी मनसुख मांडविया के पहले दौरे में ही दुर्ग में दो दिग्गज हस्तियों के भाजपा प्रवेश से कांग्रेस को जबर्दस्त झटका लगा है। दोनों नेताओं को केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने भाजपा प्रवेश पर शुभकामनाएं देते हुए उनके भाजपा प्रवेश के निर्णय की सराहना की।

भाजपा कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सबसे पहले दुर्ग जिला समन्वय समिति की बैठक ली। इसके बाद केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों से संक्षिप्त चर्चा की। अंत में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी से मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनसुख मांडविया ने कहा कि हम हमारी विरासत से प्रेरणा लेते है, ना कि विदेशी विचारधारा से। नेशन फ र्स्ट की भावना से जनसंघ का निर्माण हुआ। दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेगा इस भावना से जनसंघ का जन्म हुआ। राष्ट्र सेवा का भाव रखकर भाजपा और उसके कार्यकर्ता काम करते हैं, ऐसे संस्कारों वाला देश में कोई दूसरा राजनीतिक दल नहीं है। भाजपा का कार्यकर्ता यह कभी नहीं सोचता कि मुझे कुछ मिलेगा तो ही भाजपा अच्छी है, मेरा काम होगा तभी भाजपा अच्छी है, भाजपा का कार्यकर्ता देशहित को सोचकर काम करता है, भाजपा का कार्यकर्ता यह जानता है कि भाजपा मजबूत होगी तभी देश मजबूत होगा। ऐसे महान विचारों से भरा भाजपा कार्यकर्ता यदि ठान ले कि मुझे मेरी पार्टी को जिताना है तो कांग्रेस और भूपेश बघेल तो क्या दुनिया की कोई ताकत भाजपा को हरा नहीं सकती। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसको कांग्रेस सरकार ने ठगा नहीं होगा, शराबबंदी का झूठा वादा करके महिलाओं को ठगा। बेरोजगारी भत्ता शत प्रतिशत युवाओं को देने की बजाय उसमें अनेकों प्रकार की शर्तें लगाकर बेरोजगारों को छला। ऐसे झूठे और वादा खिलाफी करने वाले लोगों को सत्ता से बाहर करना छत्तीसगढ़ के हित में जरूरी है। भाजपा लोकसभा सांसद और पाटन विधानसभा प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने दुर्ग जिले में पहला टिकट पाटन का घोषित किया है। जनता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत का पहला आगाज पाटन से ही होगा। उन्होंने कहा मेहतर वर्मा और उनके साथियों के भाजपा प्रवेश से अब दुगनी शक्ति के साथ भाजपा काम करेगी।

पुलिस पर हमला एक ट्रेंड बन गया है : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की लगातार उड़ रही धज्जियों को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा है। श्री शर्मा ने कहा कि अपराधी तरह-तरह के अपराधों को तो अंजाम देकर चहुँओर असुरक्षा का माहौल बनाए ही बैठे हैं, लेकिन अब तो जिन्हें कानून का रखवाला कहा जाता है, उन पर हमले एक नया आपराधिक ट्रेंड चलन में आ रहा है। यह दुरूह स्थिति प्रदेश की कांग्रेस सरकार के निकम्मेपन पर मुहर लगाने के लिए पर्याप्त है। सरगुजा संभाग में सूरजपुर जिले के ग्राम खड़गवाँ में ग्रामीणों के एक गुट द्वारा धारदार हथियारों व लाठी-डण्डों से चार पुलिसकर्मियों पर किए गए हमले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि इस तरह के हमले प्रदेश सरकार के माथे पर कलंक है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है और प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बनाने पर आमादा है। प्रदेश में कहीं भी अपराधियों, हमलावरों में कानून का खौफ नहीं रह गया है। इस तरह की घटनाएँ यह साबित कर रही हैं कि प्रदेश में अपराधी अपनी समानांतर सरकार चलाकर जंगलराज चला रहे हैं और प्रदेश सरकार हाथ-पर-हाथ धरे बैठी है।

सीएम भूपेश की लोकप्रियता बढ़ी, 59.1 प्रतिशत लोगों ने उनके काम को सराहा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का लोकप्रियता में और इजाफा हुआ है। वह देश के सर्वाधिक लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों में दूसरे स्थान पर है। सर्वे में 59.1 प्रतिशत लोगों ने उनके कामकाज पर संतुष्टि जताई है। यह सर्वेक्षण रिपोर्ट इंडिया टूडे ने अभी हाल ही में प्रकाशित की है। इंडिया टूडे समूह द्वारा देश भर में आम नागरिकों से मुख्यमंत्रियों के कामकाज के संबंध में किये गये सर्वे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की लोकप्रियता में और इजाफा हुआ है। उनकी सरकार के कामकाज पर 59.1 प्रतिशत लोगों ने भरोसा जताया है। इंडिया टूडे द्वारा मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता के लिए जनवरी 2023 में कराए गए सर्वे में मुख्यमंत्री बघेल के कामकाज पर 55.7 प्रतिशत लोगों ने संतुष्टि जताई थी। इसके पूर्व वर्ष में हुए सर्वे में 53.3 प्रतिशत ने मुख्यमंत्री के कामकाज को सराहा था। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित विभिन्न न्याय योजनाओं की बदौलत पौने पांच सालों में राज्य के 40 लाख लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आ चुके हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की न्याय योजनाएं गरीबी को दूर करने में बेहद असरकारक साबित हुई हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते पौन पांच सालों में अपनी न्याय योजनाओं जैसे- राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता, राजीव मितान क्लब, के माध्यम से राज्य के ग्रामीणों, किसानों, पशुपालकों, महिलाओं, युवाओं, वनोपज संग्राहकों सहित सभी वर्ग के हितग्राहियों को पौने दो लाख करोड़ रूपए की सीधी मदद दी है, जिसके चलते लोगों के जीवन में बदलाव आया है और वह आर्थिक रूप से समृद्ध हुए हैं।



74 प्रतिशत लोगों का जीवनयापन खेती पर निर्भर

छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। राज्य के लगभग 74 प्रतिशत लोगों का जीवनयापन का आधार खेती-किसानी पर निर्भर है। छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते पौने पांच सालों में खेती-किसानी को समृद्ध और किसानों की खुशहाली के लिए जो फसले लिए हैं और योजनाएं संचालित की है। उससे राज्य में खेती-किसानी के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ा है। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के मामले में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक मिसाल कायम की है। छत्तीसगढ़ देश का एक मात्र राज्य है, जहां किसानों को धान का सर्वाधिक मूल्य मिल रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने के साथ ही सरकार खरीफ फसलों के उत्पादक किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत प्रति एकड़ के मान से 9000 रूपए की इनपुट सब्सिडी दे रही है। वर्ष 2019-20 से लेकर अब तक इस योजना के तहत किसानों को लगभग 22 हजार करोड़ रूपए की सीधी मदद उनके बैंक खातों में भेजी गई है।

राज्य की विकास दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा

छत्तीसगढ़ सरकार की न्याय योजनाओं बदौलत पौने पांच सालों में प्रति व्यक्ति का 88,793 रूपए से बढ़कर 1,33,898 रूपए हो गई है। इस अवधि में छत्तीसगढ़ का जीएसडीपी 3,27,106 करोड़ रूपए से बढ़कर 5,09,043 करोड़ रूपए हो गयी है। मार्च 2020 से निरंतर दो वर्ष तक कोविड-19 आपदा के कारण आर्थिक गतिविधियां मद होने के बावजूद राज्य शासन की नीतियों और न्याय योजनाओं के चलते अर्थव्यवस्था के आकार में 56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2022-23 में कृषि, औद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य की विकास दर राष्ट्रीय औसत से काफी ज्यादा रही है।

इन मुख्यमंत्रियों को छोड़ा पीछे

छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी एवं आम जनता की भलाई के लिए संचालित योजनाओं से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बड़े तबके में जबरदस्त खुशहाली आई है जिससे श्री बघेल की लोकप्रियता बढ़ी है। सुदृढ़ ग्रामीण अर्थव्यवस्था से शहरी अर्थव्यवस्था भी समृद्ध हुई है। इसके साथ ही नागरिक सुविधाओं में बेहतरी के लिए किये गये कार्यों से शहरी क्षेत्रों में अच्छा माहौल है जिसका असर भूपेश सरकार की लोकप्रियता में दिख रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि श्री बघेल ने छत्तीसगढ़िया अस्मिता पर लगातार बात की, यह बात लोगों के दिलों में घर कर गई है। वे जनता की भाषा में जनता की रुचि की ही बातें करते हैं इसके चलते उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हो रहा है। इंडिया टूडे के सर्वे में लोकप्रियता के मामले में ओडिशा के मुख्यमंत्री पहले स्थान पर, दिल्ली के मुख्यमंत्री तीसरे स्थान पर हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री चौथे, असम के मुख्यमंत्री पांचवे स्थान पर हैं।

भाजपा नेता के बेटे व उसके साथियों ने किया गैंग रेप

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में 2 युवतियों के साथ गैंगरेप हुआ है। दुष्कर्म इस मामले में भाजपा नेता के बेटे समेत 10 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों युवतियां रक्षाबंधन मनाकर गुरुवार की देर शाम अपने भाई के साथ रायपुर लौट रही थी। तभी मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के रिम्स अस्पताल के सुनसान इलाके में आरोपियों ने रास्ता रोककर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ितों ने 31 अगस्त को रात 1 बजे मंदिर हसौद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाया। दोनों बहने अपने भाई के साथ भानसोज के रास्ते महासमुंद से रायपुर लौट रही थी। तभी बाइक सवार तीन लड़कों ने रास्ता रोका। इसी बीच पीछे से चार गाड़ियों में सवार करीब 7 लड़के और आ गए। फिर उन्हें सुनसान जगह पर ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इस घटना का मुख्य आरोपी पूनम ठाकुर भाजपा मंदिर हसौद मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ठाकुर का बेटा है। ये आदतन बदमाश है। जिसके खिलाफ थाने में पहले से 5 मामले दर्ज हैं। पूनम 2019 में हत्या और 2022 में बलात्कार के मामले में जेल जा चुका है। इस महीने 17 अगस्त को वो जमानत मे जेल से छूटकर बाहर आया था। और गैंगरेप की वारदात को अंजाम दे दिया।

जानकारी के मुताबिक राजधानी में देर रात 2 युवतियों के साथ गैंगरेप की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने 2 एएसपी, 3 डीएसपी और 6 थानेदारों की अलग-अलग टीम बनाकर आरोपियों की खोजबीन की। मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी पूनम ठाकुर, घनश्याम निषाद, लव तिवारी, नयन साहू, केवल वर्मा, देवचरण धीवर, लक्ष्मी ध्रुव, प्रहलाद साहू के साथ अन्य शामिल थे। इनमें से 5 आरोपी पिपरहट्टा गांव के हैं और अन्य आरोपी बोरा, उमरिया और टेकारी गांव के हैं।

होटल नरेश पैलेस में जुआ खेलते 13 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर नहर पारा में होटल नरेश पैलेश में जुआ खेलते 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। रायपुर जिले में जुआ, सट्टा एवं क्रिकेट सट्टा पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को कार्य योजना तैयार कर इस पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा थाना क्षेत्रों में मुखबीर लगाने के साथ ही लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर जुआ एवं सट्टा खेलने/खिलाने वालों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी क्रम में 31.अग.2023 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल नरेश पैलेस में कुछ व्यक्ति रूपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्री योगेश साहू द्वारा थाना प्रभारी गंज को जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा होटल नरेश पैलेस में जाकर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान होटल नरेश पैलेस के एक कमरे में कुछ व्यक्ति ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कुल 13 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 31,300/- रूपये एवं ताशपत्ती जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 287, 288, 289/23 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 04 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

बीजेपी के खिलाफ कांग्रेस ने जारी किया काला चिट्ठा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने शुक्रवार को भाजपा के खिलाफ 212 बिन्दुओं में आरोप पत्र जारी कर दिया। इसे कांग्रेस ने भाजपा का काला चिट्ठा नाम दिया है। इसमें केंद्र की मोदी सरकार के साथ ही प्रदेश की पूर्व में रही रमन सरकार पर भी कांग्रेस ने निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, हम भाजपा का काला चिट्ठा जारी कर रहे हैं। भाजपा की ओर से भी शनिवार को भूपेश सरकार के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह आरोप पत्र जारी करेंगे। रायपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी की ओर से जारी किए गए इस काले चिट्ठे में केंद्र की मोदी सरकार पर कुशासन का आरोप लगाया है। उनके फैसलों को जन विरोधी बताते हुए इसकी लिस्ट भी उसमें दी गई है। इसके अलावा प्रदेश में रमन सिंह के कार्यकाल में घोटाले और शोषण का आरोप लगाया है। कांग्रेस की ओर भाजपा को किसान और आदिवासी विरोधी बताया गया है।

मोदी सरकार पर बड़े आरोप

- मोदी सरकार के खिलाफ 85 पॉइंट
- मोदी सरकार के कुशासन और जन विरोधी फैसले के 26 बब
- रमन सरकार और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों के घोटाले की 34 पॉइंट
- रमन सरकार में छत्तीसगढ़ के शोषण से संबंधित 54 पॉइंट
- बीजेपी को आदिवासी विरोधी बताने वाले 9 पॉइंट
- बीजेपी को किसान विरोधी बताने वाले 4 शामिल पॉइंट
- बीजेपी के आदिवासी अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़ा वर्ग गरीब विरोधी बताने वाला एक पॉइंट

अडानी को खदाने बेचने का आरोप

- चिटफंड कंपनियों को फायदा पहुंचाया
- किसानों को ठगने का काम किया
- नगरनार स्टील प्लांट को अडानी को बेचने का काम केंद्र सरकार कर रही है
- कोयला खदानों को अडानी को बेच दिया है
- नंदराज पहाड़ को भी अडानी को देने की कोशिश की गई
- एसईसीएल को बेचने में केंद्र सरकार लगी हुई है

भाजपा पर सैलजा के 10 बड़े आरोप

- केंद्र सरकार का काले कारनामें जनता को जानना जरूरी है
- भाजपा झूठ की राजनीति को बढ़ावा देती है
- छत्तीसगढ़ आकर केंद्रीय मंत्री गलत बयानबाजी करते हैं
- भाजपा का देश में असली चरित्र आदिवासी और दलित विरोधी है
- महंगाई आज चरमसीमा पर है
- चुनाव आ गया है तो गैस सिलेंडर याद आ गया
- चुनाव आ गया तो महंगाई याद आ गई
- आज की सच्चाई लोग भरपेट खाना भी नहीं खा पा रहे हैं
- सबसे बड़ा घोटाला अडानी घोटाला है।

रमन सिंह सरकार पर घोटाले का आरोप

36000 करोड़ का नान घोटाला?
पनामा पेपर घोटाला।
मोवा धान घोटाला।
कुनकुरी चावल घोटाला।
आंख फोड़वा कांड नकली दवाओं से लोगो की आंखों की रोशनी चली गयी।
गर्भाश्य कांड स्मार्ट कार्ड के लिये महिलाओं के गर्भाशय निकाल लिये। स्वास्थ्य मंत्री अजय चंद्राकर थे।
नसबंदी कांड नसबंदी कांड में महिलाओं पर नकली दवाओं का प्रयोग किया।
डीकेएस घोटाला।
शिवरतन शर्मा के भतीजे द्वारा किया गया धान परिवहन घोटाला।
शासकीय भूमि का कब्जा।
पोरा बाई कांड।
तत्कालीन शिक्षा मंत्री केदार कश्यप की पत्नी की जगह कोई और महिला बैठी परीक्षा देने।
फर्नीचर घोटाला।
विज्ञान उपकरण खरीदी में घोटाला।
4400 करोड़ का आबकारी घोटाला।
1667 करोड़ गोशाला के नाम पर चारा, दवाई एवं निर्माण में किया घोटाला।
बीज निगम में दवाइयों, बीज एवं कृषि यंत्रों की खरीदी में किया गया घोटाला
स्टेट वेयर हाउस के गोदामों के निर्माण में घोटाला।
स्वास्थ्य विभाग में मल्टी विटामिन सिरप में घोटाला।
जमीन घोटाला ।
झलकी घोटाला (बृजमोहन अग्रवाल) ।
परिवहन चेक पोस्ट पर घोटाला।
मोबाइल खरीदी में घोटाला।
बारदाना घोटाला।
भदौरा जमीन घोटाला (अमर अग्रवाल) ।
पुष्प स्टील घोटाला ।
चौबे कालोनी जमीन घोटाला।
इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला।
स्काई वाक घोटाला।
एक्सप्रेस वे घोटाला।
बिलासपुर सकरी बाइपास घोटाला।
तेंदुपत्ता खरीदी घोटाला (300 करोड़)।
चिट-फंड घोटाला ।
रतन जोत घोटाला ।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजूल सुराणा पिता श्री जिनेन्द्र सुराणा उम्र-22 वर्ष निवासी -मं. नंबर 27 किरण निकेतन वार्ड नंबर 23 मालवीय नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम राजूल सुराणा पिता श्री जिनेन्द्र सुराणा रख लिया हूँ।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम राजूल सुराणा पिता जिनेन्द्र सुराणा से ही जाना पहचाना जावे।

राजूल सुराणा
निवासी -मं.नंबर 27 किरण निकेतन
वार्ड नंबर 23 मालवीय नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./अ-20 (1) / वर्ष 2022-23
ई-कोर्ट नंबर 202308103800033

आवेदक सैय्यद अहमद हुसैन पिता स्व. अकील हुसैन निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नंबर 1/2,2/2 का टुकड़ा भूखण्ड नंबर एम.आई.जी I/773 क्षेत्रफल वर्गमीटर भूमि सैय्यद हुसैन एस.ए.हुसैन को भिलाई इस्तात संयंत्र द्वारा आबंटित हे जिस पर आवेदन काबिज है किन्तु पट्टा प्राप्त नही हुआ है। आवेदक द्वारा नवीन पट्टा निष्पादन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिरा किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.09. 2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप / आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28.08.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल जाँच अधिकारी, दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ ,जिला-राजनांदगांव
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202308092300015
ब/ 121- वर्ष 2022-23

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयराम वर्मा आ.पंचूराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम पारागांवखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री दीक्षा वर्मा आ. जयराम वर्मा का जन्म दिनांक 29.05.2005 को ग्राम पारागांवखुर्द में हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी ममें जन्म दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री दीक्षा वर्मा आ.जयराम वर्मा का जन्म दिनांक 29/05/2005 को ग्राम पारागांवखुर्द में जर्द करने आवेदन पत्र,अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेशी किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन प्रकाशन दिनांक 06-09-2023 के पुर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

सील — **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - गुरूनानक एग्रीकल्चर इंडिया प्रा.लि.डा.हरपीत सिंह पिता सुखदेव सिंह
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202308104300079

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक गुरूनानक एग्रीकल्चर इंडिया प्रा.लि. डा.हरपीत सिंह पिता सुखदेव सिंह तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्र.)	प्रयोजन
कंडरका प.ह.न 20 तह.व जिला दुर्ग	523/1, 523/2 523/4, 525/3	0.450, 0.230 0.310, 0.120	औद्योगिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.8.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03, जिला-दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक होमलाल यादव पिता/पति स्व. मनराखन लाल यादव निवासी निकुंज प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 508, 1596/2, 1657 रकबा कुल 1.660 हे. मनराखन यादव के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 25/05/2023 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति कर ना हो तो नियत पेशी दिनांक 08/09/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 18/08/2023
सुनवाई दिनांक 08/09/2023

सील — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2

मामले की श्रेणीः राजस्व
संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र. क्र. आरडी 202223430107400117

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी सिलोचना जौ बिसराम साहू पिता/पति- पता- सिकोला के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 32/131 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता राधिका साहू पिता श्री बिसराम साहू पता वार्ड नं. 16 सिकोलाबस्ती जयंतीनगर दुर्ग, बिसराम साहू पिता श्री पंचराम साहू पता-वार्ड नं. 16 सिकोला बस्ती, जयंत नगर दुर्ग, नगर दुर्ग,ना.बा. गुमीता साहू पिता राजेश साहू पता वार्ड नं. जयंती नगर दुर्ग, रेखाबाई पिता श्री बिसराम साहू पता - वार्ड नं. सिकोला बस्ती,जयंतीनगर दुर्ग, रोशनी साहू पिता राजेश साहू पता-वार्ड नं. ना.बा. हेमराज पिता श्री राजेश पता वार्डनं. 16 सिकोला बस्ती, जयंतीनगर दुर्ग, पायल सोनी पिता राजेश साहू पता वार्डनं. 16 सिकोला बस्ती, जयंती 16 सिकोला बस्ती, जयंतीनगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/09/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 2 पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202309101500001

विषय- अ-6 मामले की श्रेणी राजस्व सन् 2022-23
खुड़मुड़ी प.ह.न. 00015 (हे.)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - रेणु सारभाई,
अनावेदक पक्षकार

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम खुडमुडी प.ह.नं. 17 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका रेणु सारभाई पति कविन्द्र प्रसाद सारभाई उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम सारभाई नर्सिंग होम, महादेव घाट रोड डंगनिया तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम खुडमुडी प.ह.नं. 17 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित विजया सारभाई पति स्व केलुन्द्र सारभाई के नाम पर दर्ज भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 466/1, 4722, 496/2 रकबा 0.86, 0.87.0.63 है. को भूमिस्वामी विजया सारभाई पति स्व केन्द्र सारभाई द्वारा अपनी स्वेच्छा से अपने बहू आवेदिका के नाम पर अपने स्वस्थ्य चित अवस्था में दो गवाहो के समक्ष लिखित वसीयत नामा निष्पादित दिनांक 13.07.2022 को आवेदिका के पक्ष में निष्पादित वसीयतनामा के आधार पर वसीयतकर्ता विजया सारभाई की दिनांक 21.04.2023 को मृत्यु हो जाने से वसीयतकर्ता भूमिस्वामी विजया सारभाई पति स्व. केलुन्द्र सारभाई का नाम विलोपित कर अपने नाम नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोकतानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 19.09.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01 /09/ 2023 को जारी किया जाता है।

सील — **नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
// ईश्तहार //

प्र.क./ 20/अ-20 (3) / वर्ष 2022-23

आवेदक नीलकंठ देशलहरे आ. स्व. सालिक रामः देशलहरे निवासी तितुरडीह सतनामी पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट कमांक 88 डी प्लाट नं. 98 क्षेत्रफल 78 वर्गमीटर भूमि धारक भुखउ आ. राहू सतनामी नि. तितुरडीह के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 17.10.1974 को श्यामलाल आ.खोरबाहरा सतनामी साकिन चिंगरी तहसील दुर्ग को विक्रय किया तथा केता श्यामलाल द्वारा बिना नामान्तरण कराये उक्त कयशुदा भूखण्ड को सालिक वल्द सुखराम सतनामी सा तितुरडीह को पंजीकृत बैनामा दिनाक 21.07.1980 द्वारा विक्रय किया है केता सालिक की मृत्यु दिनांक 30.06.1996 को हो चुकी है। मृतक केता सालिक के वारिसान उनकी पत्नि श्रीमती जानकी पुत्र नीलकंठ देशलहरे है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बैना के आधार पर प्रश्नाधीन कयशुदा भूखण्ड से धारक का नाम विलोपित कर मृतक केता सालिक के वारिसानों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोका संबंध में जिरा किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.09 2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप / आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21.08.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

प.नंबर 202308100400335
अ-2 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका आदेश सिंह वर्मा आ/ पति जयंत सिंह वर्मा निवासी- इस्पात नगर रिसाली के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम -धनोरा प.ह.न.53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 350/5 रकबा 0.018 हें 1938 वर्गफीट (अवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भ.रा.सं. की धारा 59(2)की धारा के तहत् पुनिर्धारण बावत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में आयोजि भूमि के संबंध में जिस किसी व्यकित अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 24/08/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/वर्ष 2022-23
ई/सी-202308103800021

आवेदक सत्येन्द्र कुमार जैन पिता/पति रतनचंद जैन निवासी तमेरपारा, दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 05 बी प्लाट नं. 1/31- रकबा 12X44-528 वर्गमीटर धारक सत्येन्द्र कुमार के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी का अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.09.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/8/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./अ-20(1)/वर्ष 2022-23
ई/सी-202308103800024

आवेदक सत्येन्द्र कुमार जैन पिता/पति रतनचंद जैन निवासी तमेर पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 6 अ प्लाट 2/3 रकबा - 66 वर्गमीटर धारक सत्येन्द्र कुमार पिता रतन चंडे जैन के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में शासन की शर्तों के अनुरूप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी का अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/9/2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.8.23 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद से जारी किया गया।

सील — **नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 209/अ-20(3)/वर्ष 2022-23

आवेदिका हुलसी शर्मा पिता जी.पी. दीवान एवं अन्य 01 निवासी जैन मंदिर रोड, मैथिल पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 सी प्लाट नं. 316/2 क्षेत्रफल 43 वर्गमीटर भूमि धारक रविन्द्र कुमार जैन आ. गुलाबचंद जैन नि मैथिल पारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.07.2023 द्वारा आवेदिकागण हुलसी शर्मा पिता जी.पी. दीवान, नारायण शर्मा पिता नूतन धर दीवान को विकय किया है। आवेदिकागण द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन कयशुदा भूखण्ड से धारक/विक्रेता का नाम विलोपित कर केतागण का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है ।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.09.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग**

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

श्री अमित शाह जी

द्वारा

आरोप पत्र लॉन्च कार्यक्रम

01 समय-10:30 बजे

आरोप पत्र जारी
(कांग्रेस सरकार के खिलाफ)
स्थान- पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर

02 समय-03:00 बजे

जनजातीय सम्मेलन एवं अभिनंदन कार्यक्रम
स्थान-सराईपाली

अउ नइ सहिबो, बदल के रहिबो।

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

Rajesh Publicity